
वर्ष : 34 ▸ अंक :41 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# महाराष्ट्र के माथे की बिंदी हुई हिंदी

## अब महाराष्ट्र के स्कूलों में सिखाई जाएगी हिंदी, सरकार ने अनिवार्य तीसरी भाषा बनाया

"हम नई शिक्षा नीति को लागू कर रहे हैं जिसके तहत हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि यहां हर कोई मराठी के साथ-साथ देश की अन्य भाषाओं को भी सीखे। हिंदी एक ऐसी भाषा है जो देश में संपर्क बनाने की भाषा बन सकती है।

**-देवेन्द्र फडणवीस,** मुख्यमंत्री

### ● कांग्रेस बोली- थोपना सही नहीं

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसार राज्य के मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा I-V तक हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बना दिया है। वर्तमान में इन स्कूलों में कक्षा 1 से 4 तक केवल मराठी और अंग्रेजी को अनिवार्य भाषा के रूप में पढ़ाया जा रहा है। गुरुवार को जारी एक सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, अगले शैक्षणिक वर्ष से कक्षा 1 से 5 तक तीसरी भाषा के रूप में हिंदी अनिवार्य होगी। एनईपी के अनुसार नया पाठ्यक्रम कक्षा 1 के लिए 2025-26 में लागू किया जाएगा।



### क्या है जीआर में ?

कक्षा 2, 3, 4 और 6 के लिए नीति 2026-27 में, कक्षा 5, 9 और 11 के लिए 2027-28 से और कक्षा 8, 10 और 12 के लिए 2028-29 से लागू की जाएगी। मराठी और अंग्रेजी माध्यम को छोड़कर राज्य के सभी स्कूल वर्तमान में त्रि-भाषा फॉर्मूले का पालन कर रहे हैं। ऐसे स्कूलों में माध्यम की भाषा अंग्रेजी और मराठी पढ़ाई जाएगी। छठी से दसवीं कक्षा के लिए भाषा नीति राज्य पाठ्यक्रम के अनुसार होगी।



### कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा, 'अगर हिंदी वैकल्पिक भाषा होती तो हमें कोई समस्या नहीं होती। लेकिन इसे अनिवार्य बनाना इसे थोपने जैसा है।' उन्होंने कहा कि मराठी भावनाओं को ठेस पहुंचाना गलत है। क्या हम मध्य प्रदेश और यूपी में मराठी को तीसरी भाषा के रूप में मांग सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्यों का निर्माण भाषाई पुनर्गठन से हुआ है। उन्होंने कहा कि स्थानीय भाषा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और हिंदी को वैकल्पिक बनाया जाना चाहिए।

### हम हिंदू हैं, लेकिन हिंदी नहीं!



राज्य सरकार के इस फैसले का महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने विरोध किया है। ठाकरे ने एक बयान में कहा है कि मैं स्पष्ट शब्दों में कहता हूं कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना इस अनिवार्यता को बर्दाश्त नहीं करेगी। राज ठाकरे ने इसमें लिखा है 'हम हिंदू हैं, लेकिन हिंदी नहीं! अगर आप महाराष्ट्र को हिंदी के रंग में रंगने की कोशिश करेंगे, तो महाराष्ट्र में संघर्ष होना तय है।' ठाकरे ने आगे लिखा है अगर आप यह सब देखेंगे, तो आपको लगेगा कि सरकार जानबूझकर यह संघर्ष पैदा कर रही है। क्या यह सब आने वाले चुनावों में मराठी और गैर-मराठी के बीच संघर्ष पैदा करने और उसका फायदा उठाने की कोशिश है? राज ठाकरे ने इस मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए ट्वीट किया है महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य बनाना हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। केंद्र सरकार की ये कोशिशें महाराष्ट्र में हिंदी को थोपने की हैं, जो पूरी तरह गलत है।

---

**न्यूज़ ब्रीफ**

### गारगाई बांध परियोजना के लिए वन्यजीव और पर्यावरण संबंधी मंजूरी

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पालघर की गारगाई बांध परियोजना के लिए आवश्यक वन्यजीव और पर्यावरण संबंधी मंजूरी प्रदान की है। इससे मुंबई की पेयजल की आवश्यक मानी जाने वाली परियोजना का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के परिवेष पोर्टल पर उपलब्ध मानचित्र को आधार मानकर व्याघ्र भ्रमण मार्ग (टाइगर कॉरिडोर) निश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस मार्ग के लिए किसानों की जमीनों को स्वेच्छा से अधिग्रहित करने का फैसला लिया गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में महाराष्ट्र राज्य वन्यजीव मंडल की 24 वीं बैठक हुई।

### सीएम देवेंद्र फडणवीस को समन

**मुंबई/नागपुर।** बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने कांग्रेस नेता प्रफुल्ल विनोदराव गुडाधे की याचिका को लेकर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस को समन भेजा है। कांग्रेस नेता की इस याचिका में फडणवीस के नागपुर साउथ वेस्ट विधानसभा सीट से जीत को चुनौती दी गई है। बता दें कि, फडणवीस ने इस सीट से प्रफुल्ल विनोदराव गुडाधे को चुनाव हराया है। अब वह कोर्ट में फडणवीस की जीत को चुनौती दे रहे हैं। बता दें कि, कांग्रेस नेता देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस नेता गुडाधे को 39 हजार 710 वोटों हराया था। गुडाधे ने फडणवसी पर भ्रष्ट आचरण होने का भी आरोप लगाया है। अब इस पूरे मामले में जस्टिस प्रवीण पाटिल की बेंच ने सीएम फडणवीस को 8 मई तक जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। साउथ वेस्ट विधानसभा सीट से देवेंद्र फडणवीस को कुल 129401 और कांग्रेस नेता को 89691 वोट मिले थे। फडणवीस को 56.88 फीसदी और प्रफुल्ल विनोदराव गुडाधे को 39.43 वोट मिले। ईवीएम वोट के आंकड़ों में सीएम को 127726 और गुडाधे को 88515 वोट मिले।

## ईडी की कार्रवाई से मोदी सरकार कांग्रेस को खत्म नहीं कर सकती : चेन्निथला

▸▸ 19 अप्रैल को पार्टी पदाधिकारियों की नई दिल्ली में बैठक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई बदले की भावना से प्रेरित है। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस की ओर से मोदी सरकार के खिलाफ दादर में आंदोलन किया गया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। पत्रकारों से बातचीत में चेन्निथला ने कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। केंद्र की मोदी सरकार ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग करके विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। लेकिन इस तरह की कार्रवाई से कांग्रेस खत्म नहीं किया जा सकता। क्योंकि सोनिया गांधी और राहुल गांधी को जनता का समर्थन है।



### मई में पूरा होगा प्रदेश कांग्रेस में फेरबदल

प्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक फेरबदल मई के दूसरे सप्ताह तक पूरा हो जाएगा। इसके तहत प्रदेश और जिला स्तरीय कार्यकारिणी की पुर्नरचना होगी। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने यह जानकारी दी। चेन्निथला ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस की ओर से सतारा के महाबलेश्वर में सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं का एक शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार और विधान परिषद में कांग्रेस के विधायक दल नेता सतेज पाटील संसद में उठाए जाने वाले महाराष्ट्र के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए सांसदों के साथ बैठक करेंगे।

### याज्ञवल्क्य जिचकार की कांग्रेस में वापसी

इस दौरान चेन्निथला की मौजूदगी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व मंत्री दिवंगत डा. श्रीकांत जिजकार के बेटे याज्ञवल्क्य जिचकार ने कांग्रेस में दोबारा प्रवेश किया। साल 2024 के विधानसभा चुनाव में नागपुर की काटोल सीट पर बगावत करने के कारण याज्ञवल्क्य को छह साल के लिए निलंबित किया गया था। लेकिन कांग्रेस ने निलंबन वापस लेते हुए उन्हें दोबारा पार्टी में शामिल किया है। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा प्रवक्ता धनंजय शिंदे ने भी कांग्रेस का हाथ थामा है।

**नेशनल हेराल्ड मामला**

### ईडी ने 661 करोड़ की संपत्ति जब्त करने की मांग की



**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी चार्जशीट में 661 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करने की मांग की है। ईडी ने ये संपत्ति मामले की जांच के दौरान अटैच की थी। सूत्रों की मानें तो ईडी ने अपनी चार्जशीट में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी का बयान भी दर्ज किया है। वर्ष 2022 में दर्ज बयान में दोनों नेताओं ने पूछताछ के दौरान किसी भी गलती को स्वीकार करने से मना कर दिया था। बयान में दोनों नेताओं ने कहा था कि यंग इंडिया द्वारा एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का हस्तांतरण वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए नहीं था। चार्जशीट में सोनिया गांधी को आरोपी नंबर एक जबकि राहुल गांधी को आरोपी नंबर दो बताया गया है, इसके अलावा इसमें पांच अन्य लोगों का नाम है। ईडी ने चार्जशीट नौ अप्रैल को एक अदालत में दाखिल की है। अदालत इस मामले में 25 अप्रैल को सुनवाई करेगी। सूत्रों की मानें तो ईडी ने आरोपियों को धनशोधन कानून के तहत सजा देने की मांग की है। मालूम हो कि जब्त की गई संपत्ति सुनवाई पूरी होने के बाद सरकारी खजाने में चली जाएगी।

## अंबानी ने बैंक ऑफ बड़ौदा के खिलाफ दायर याचिका को लिया वापस



**मुंबई।** उद्योगपति अनिल अंबानी ने बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा उन्हें डिफॉल्टर घोषित किए जाने के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में दायर याचिका को गुरुवार को वापस ले लिया। कोर्ट ने उन्हें सलाह दी कि इस मामले में पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से संपर्क करें। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और नीला के गोखले की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि कई बार बैंक आरबीआई के दिशा-निर्देशों का पालन किए बिना खातों को जानबूझकर डिफॉल्टर घोषित कर देते हैं।

### आरबीआई के पास जाने का निर्देश

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने यदि आरबीआई के नियमों का पालन करते हुए डिफॉल्टर घोषित किया है, तो याचिकाकर्ता को पहले आरबीआई से शिकायत करनी चाहिए। यदि आरबीआई द्वारा कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं होती, तो याचिकाकर्ता को दोबारा हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की छूट दी गई। कोर्ट की सलाह के बाद अनिल अंबानी के वकील ने याचिका को स्वेच्छा से वापस ले लिया। याचिका में अंबानी ने बैंक ऑफ बड़ौदा की उस कार्रवाई को चुनौती दी थी जिसमें उनके खाते को डिफॉल्टर घोषित किया गया था।



### युद्ध में दोनों हाथ गंवाने वाले बच्चे की तस्वीर चुनी गई सर्वश्रेष्ठ

**द हेग।** इजरायली हमले में अपने दोनों हाथ गंवा देने वाले फलस्तीनी बच्चे की तस्वीर को 'वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर चुना गया है। कतर में रहने वाली फलस्तीनी फोटोग्राफर समर अबु एलॉफ ने द न्यू यॉर्क टाइम्स के लिए यह तस्वीर ली थी। तस्वीर में एक नौ वर्षीय फलस्तीनी बच्चे महमूद अज्जौर को दिखाया गया है जो युद्ध में कंधे से नीचे अपनी दोनों बांह खो चुका है। इस तस्वीर को फोटो पत्रकारिता की प्रतियोगिता में 'वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर घोषित किया गया है। प्रतियोगिता में 141 देशों से 59,320 फोटो भेजे गए थे जिसमें इस फोटो को सर्वश्रेष्ठ माना गया।

## महाराष्ट्र की 'ड्रग्स क्वीन' सबीना हुई गिरफ्तार



▸▸ 22.33 करोड़ रुपए की कोकीन बरामद

**भायंदर।** मुंबई से सटे मीरा-भायंदर इलाके में क्राइम ब्रांच को गुरुवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। दरअसल, 'ड्रग्स क्वीन' के नाम से कुख्यात सबीना शेख को क्राइम ब्रांच ने 22.33 करोड़ रुपए की कोकीन और नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। मीरा-भायंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय की क्राइम ब्रांच यूनिट-1 (काशीमीरा) की इस कार्रवाई में कुल 14.868 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 22.33 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### ऐसे की गई कार्रवाई

डीसीपी क्राइम ब्रांच अविनाश अंबुरे ने बताया कि 15 अप्रैल को क्राइम ब्रांच यूनिट एक को गुप्त सूचना मिली थी कि भायंदर पूर्व के मोतीलाल नगर में रहने वाली सबीना अपने घर से ड्रग्स तस्करी का नेटवर्क चला रही है। सूचना के आधार पर की गई रेड में पुलिस को सबीना के घर से 11.830 किलोग्राम कोकीन और 80,000 रुपए नकद बरामद हुए। इस कोकीन की अनुमानित कीमत 17.74 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### नाइजीरियाई नागरिक भी गिरफ्तार

सबीना की गिरफ्तारी के बाद मामले की छानबीन आगे बढ़ाई गई, जिसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए। सबीना की निशानदेही पर क्राइम ब्रांच ने नाइजीरियाई नागरिक एंडी उबाबुदिके ओनींसे को भी गिरफ्तार किया, जिसके घर से 2.604 किलोग्राम कोकीन (कीमत 3.90 करोड़ रुपए) और बड़ी मात्रा में नकदी जब्त की गई।

### जांच में जुटी पुलिस

इसके बाद पुलिस ने वसई के एवरशाइन नगर से एक विदेशी महिला क्रिस्टाबेल एनजेई को भी गिरफ्तार किया। उसके पास से 64.98 लाख रुपए की कोकीन, भारतीय मुद्रा और अमेरिकन डॉलर बरामद की गई। क्रिस्टाबेल एनजेई के बारे में पता चला कि वह कैमरून की नागरिक है। पुलिस उसके कागजातों की जांच कर रही है।

### दूर-दूर तक फैला है ड्रग्स का ये नेटवर्क

पुलिस को शक है कि यह ड्रग्स हाई प्रोफाइल पार्टियों, इवेंट्स और विदेशी नागरिकों के बीच सप्लाई की जाती थी। सबीना का नेटवर्क मुंबई, नवी मुंबई, पालघर, पुणे और नासिक तक फैला हुआ है। वह भारतीय नागरिक होने के कारण बिना शक के बड़े नेटवर्क को संभालती थी और विदेशी सप्लायर्स के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है।


**स्पेशल न्यूज**

## गैंगस्टर लॉरेंस का 'रिक्रूटमेंट प्लान' डिकोड

### मुंबई और पुणे में भटके युवकों की गिरोह में कर रहा भर्ती

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

कलाकारों, नेताओं और कारोबारियों को धमकी देने और उन पर हमले करवाकर दहशत फैलाने की कोशिश करने वाले बिश्नोई गैंग का निशाना अब मुंबई और पुणे बन गए हैं। बिश्नोई गैंग ने इन दोनों शहरों में अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं, और ज्यादातर वारदातों में पुणे के युवकों का इस्तेमाल किया गया है। गिरोह प्रदेश में अपनी पकड़ को और मजबूत करने के लिए बिश्नोई गैंग स्थानीय युवकों को भर्ती करने की योजना पर काम कर रहा है।



### मुंबई और पुणे में गिरोह का विस्तार

मुंबई और पुणे बिश्नोई गैंग के लिए अहम शहर बन गए हैं। मुंबई की आर्थिक स्थिति और फिल्म इंडस्ट्री के कारण यह शहर गिरोह के लिए आदर्श स्थान बन चुका है, जहां कारोबारी दबाव और दहशत महसूस करेंगे। वहीं पुणे में तेजी से हो रहे विकास कार्यों के बीच स्थानीय आपराधिक तत्व जमीनों पर कब्जा करके पैसे वसूलने के लिए गिरोह से जुड़ रहे हैं।

### सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर युवकों को बहकाना

बिश्नोई गैंग अब युवकों को सोशल मीडिया के जरिए अपने गिरोह में शामिल करने की कोशिश कर रहा है। गिरोह युवकों को प्रसिद्धि और इलाके में दबदबा कायम करने का झांसा देकर उन्हें बहका रहा है। इसके लिए बिश्नोई गैंग ने मुंबई और पुणे में अपने खास गुर्गों को जिम्मेदारी सौंपी है। पुलिस और जांच एजेंसियां इस पर पैनी नजर रख रही हैं, ताकि इन भर्तियों को रोका जा सके।

### पुणे का कनेक्शन बड़ी वारदातों से जुड़ा

पुणे के युवकों का गिरोह से जुड़ाव अब तक कई बड़ी वारदातों में सामने आया है। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में पुणे का सौरभ महाकाल शामिल था। इसके अलावा, राकांपा (अजित) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में भी पुणे के 6 युवकों को गिरफ्तार किया गया था। पुणे के आरोपियों का समावेश सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग मामले में भी था।

## कल्याण-डोंबिवली में खुलेआम चल रहा है जुए का अड्डा



**डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली**

महाराष्ट्र के कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र में अवैध जुए और लॉटरी अड्डों का बोलबाला लगातार बढ़ता जा रहा है। टाटा पावर नाका जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में खुलेआम ताश और दांव का खेल चल रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों में असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है। यह इलाका मानपाड़ा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता है, मगर पुलिस की मौन भूमिका ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, हर शाम कुछ लोग जमे हुए दिखाई देते हैं, जहां पैसों का लेन-देन, ताश का खेल और दांव लगाए जाते हैं।

### नियमित शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नदारद

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस गश्त के बावजूद जुए की गतिविधियां बदस्तूर जारी हैं। इस मामले ने यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि क्या इन जुआरियों को किसी राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण का लाभ मिल रहा है? अगर ऐसा है, तो यह कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है।

# पांच साल पहले लापता नाबालिग की हत्या का खुलासा

- फरार आरोपी गिरफ्तार
- किराने की दुकान में दफनाया गया था शव

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

ठाणे पुलिस आयुक्तालय की क्राइम ब्रांच की प्रॉपर्टी सेल ने भिवंडी के नेहरू नगर, नई बस्ती से करीब पांच साल पहले लापता हुए एक नाबालिग की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने आरोपी गुलाम रब्बानी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने हत्या के बाद शव को एक किराने की दुकान में दफनाया था। आरोपी वहां की एक मस्जिद में बांगी (मौज्जिन) था।

### 2020 में लापता हुआ था शोएब शेख

भिवंडी का रहने वाला 17 वर्षीय शोएब शेख 20 नवंबर 2020 को अचानक घर से लापता हो गया था। उसके परिजनों ने अगले दिन भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन उसके बाद शोएब का कोई सुराग नहीं मिला।




### चश्मदीद के खुलासे से मिली जानकारी

करीब दो साल बाद दिसंबर 2022 से जनवरी 2023 के बीच किसी ने यह जानकारी दी कि शोएब अब जीवित नहीं है। इसके बाद उसके माता-पिता, मस्जिद के इमाम और एक चश्मदीद गवाह के साथ तत्कालीन नगरसेवक भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन पहुंचे। चश्मदीद ने मौखिक रूप से जानकारी दी कि शोएब की हत्या मस्जिद के बांगी गुलाम रब्बानी ने की है।

### पहले गिरफ्तारी, फिर फरारी

गुलाम रब्बानी को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन लाया गया था, लेकिन मौके का फायदा उठाकर वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। हाल ही में ठाणे क्राइम ब्रांच की प्रॉपर्टी सेल के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गोरखनाथ घार्गे की टीम को सूचना मिली कि गुलाम रब्बानी हुलिया बदलकर पहाड़ी इलाके में छिपा हुआ है। टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया और कड़ी पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने शोएब की हत्या कर उसके शव के कुछ हिस्सों को सड़क किनारे फेंक दिया था, जबकि सिर और अन्य हिस्सों को किराने की दुकान में दफना दिया था।

### हत्या के पीछे अवैध संबंधों का शक

मृतक के परिजनों का आरोप है कि आरोपी के किसी से अवैध संबंध थे और इसकी जानकारी शोएब को हो गई थी। इसी कारण उसकी हत्या की गई। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है।

### परिजनों की मांग : सख्त कार्रवाई हो

मृतक की मां, बहन और भाई ने मामले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस अब हत्या के पीछे के असली कारण की गहराई से जांच कर रही है।

## क्राइम ब्रांच ने 36 घंटे में हत्याकांड की गुत्थी सुलझाई

- भिवंडी क्राइम ब्रांच ने छत्तीसगढ़ से पकड़ा हत्यारोपी



**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी क्राइम ब्रांच ने 36 घंटे के भीतर एक अज्ञात हत्या के मामले में न सिर्फ शव की पहचान की, बल्कि आरोपी को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा कर दिया। गुरुवार को आयोजित पत्रकार परिषद में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनावणे ने इस सफलता की जानकारी दी।

### तकनीकी जांच और CCTV से मिला सुराग

क्राइम ब्रांच की टीम ने घटना स्थल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो पाया कि मृतक और आरोपी दोनों ही बाहरी थे और घटना वाले दिन ही इलाके में आए थे। इससे जांच और चुनौतीपूर्ण हो गई। वरिष्ठ निरीक्षक जनार्दन सोनावणे के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक धनराज केदार और उनकी टीम ने तकनीकी जानकारी और सीसीटीवी फुटेज के सहारे आरोपी की पहचान स्वीकुमार विष्णु सिंह के रूप में की, जो छत्तीसगढ़ के जसपुर जिले के कदमटोली गांव का निवासी है।

### पत्थर और धारदार हथियार से की गई थी हत्या

शांतिनगर पुलिस को मंगलवार को भादौड़ इलाके में एक 30 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था, जिसके सिर पर पत्थर और हथियार से वार किए गए थे। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### छत्तीसगढ़ से गिरफ्तारी, हत्या का कारण भी सामने आया


क्राइम ब्रांच की टीम ने आरपीएफ की मदद से कटनी रेलवे स्टेशन (मध्य प्रदेश) से आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में उसने हत्या की बात कबूल करते हुए बताया कि मृतक चितरंजन नागेशिया (30 वर्ष), उसी गांव का निवासी था और दोनों साथ काम करते थे। शराब की लत और आपसी विवाद के चलते आरोपी ने गुस्से में हत्या कर दी।

## मेफेड्रोन के साथ इरानी आरोपी गिरफ्तार

- 30 हजार रुपए मूल्य का 15 ग्राम एम.डी. जब्त
- आरोपी पर पहले से हैं गंभीर मामले दर्ज

**सुशील सिंह | कल्याण**

खडकपाडा पुलिस स्टेशन और विशेष कार्रवाई दल ने संयुक्त अभियान में नशीले पदार्थों के खिलाफ एक अहम सफलता हासिल की है। पुलिस ने अटाळी क्षेत्र से एक इरानी आरोपी को 15 ग्राम मेफेड्रोन (एम.डी.) के साथ गिरफ्तार किया है, जिसकी बाजार कीमत करीब 30,000 रुपए बताई जा रही है। पुलिस उप आयुक्त (परिमंडल-03) के निर्देश पर खडकपाडा पुलिस की टीम इलाके में गश्त कर रही थी, उसी दौरान एक संदिग्ध को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास मेफेड्रोन पाया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नाने हाशमी जाफर



### वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन

इस कार्रवाई का नेतृत्व वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक डॉ. अमरनाथ वाघमोडे की टीम ने किया। उन्हें पुलिस उप आयुक्त अतुल झेंडे और सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणजी घेटे का मार्गदर्शन प्राप्त था। पुलिस ने मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपी किसी बड़े ड्रग सिंडिकेट से जुड़ा है या नहीं।

हुसैन जाफरी (33 वर्ष) के रूप में हुई है, जो आंबिवली रेलवे स्टेशन के पास इरानी नगर का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई गंभीर आपराधिक

## हाईवे किनारे प्लाइवुड और पुट्ठा के गोदाम में भीषण आग

- सात गाले और एक ट्रक जलकर खाक

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

मुंबई-नासिक राजमार्ग पर वाहुली गांव की सीमा में शुक्रवार सुबह एक बड़े अग्निकांड की घटना सामने आई, जब सड़क किनारे स्थित गुप्ता गोदाम में भीषण आग लग गई। गोदाम में बड़ी मात्रा में प्लाइवुड, पुट्ठा और पेपर रोल रखे होने के कारण आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते कुल सात गाले (दुकाननुमा गोदाम) इसकी चपेट में आ गए। आग की लपटों ने घटनास्थल के पास खड़े एक ट्रक को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह पूरी तरह जल गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग की सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची भिवंडी फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



### कोई जनहानि नहीं, आग के कारणों की जांच जारी

सौभाग्यवश इस हादसे में कोई जानमाल की हानि नहीं हुई है। आग किस वजह से लगी, इसका पता अभी तक नहीं चल सका है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और दमकल विभाग ने इलाके को सुरक्षित कर दिया है।

## ट्रैफिक जाम से राहत की अनूठी पहल

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

डोंबिवली और कल्याण जैसे व्यस्त शहरों में ट्रैफिक जाम अब रोज़मर्रा की समस्या बन चुका है, लेकिन इस चुनौती से निपटने के लिए कल्याण पश्चिम के सहजानंद चौक पर एक अनूठा प्रयोग शुरू किया गया है। केडीएमसी और यातायात पुलिस के सहयोग से यहां सौर-आधारित पोर्टेबल स्टैंड-अलोन ट्रैफिक सिग्नल प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट लागू किया गया है। यह चौक ऐसा स्थान है जहां एक साथ पांच दिशाओं से वाहन आते हैं, जिससे ट्रैफिक नियंत्रण बेहद जटिल हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, घूमते सिग्नल सिस्टम का यह प्रयोग शुरू किया गया है। इस सिग्नल प्रणाली को एक महीने तक निगरानी में रखा जाएगा और इसके निष्कर्षों के आधार पर स्थायी समाधान लागू किया जाएगा।

### सहजानंद चौक पर शुरू हुआ घूमता ट्रैफिक सिग्नल का पायलट प्रयोग



### टैक्सपेयर का पैसा बर्बाद न हो, इसका खास ध्यान

केडीएमसी के अधिशासी अभियंता प्रशांत भागवत के अनुसार, स्थायी सिग्नल लगाने से पहले यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उसका प्रभावी उपयोग हो। इस अवधि में यह भी तय किया जाएगा कि कौन-सी सड़कों को वन-वे किया जाए, कौन-से डिवाइडर हटाए जाएं या हाईमास्ट शिफ्ट किए जाएं।

### नागपुर में सफल रहा यह प्रयोग

इससे पहले नागपुर शहर में इस तरह की सिग्नल प्रणाली को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। उम्मीद की जा रही है कि कल्याण में भी यह प्रयोग ट्रैफिक की जटिलताओं को हल करने में मददगार साबित होगा। अगर यह प्रयोग सफल रहा, तो यह मॉडल शहर के अन्य व्यस्त चौराहों जैसे दुर्गाड़ी चौक, लाल चौकी, बैल बाजार आदि पर भी लागू किया जा सकता है।

**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**EXECUTIVER ENGINEER, P.W. SPECIAL PROJECT DIVISION, AAREY, MUMBAI 400 065**
**E-mail: spaarey.ee@mahapwd.com, Tel. No. 022-29272447**

**Tender Notice No.2 for 2025-2026**

Online Tender (e-tender) in 'B-1' Form for the following work is invited by the Executive Engineer, Public Works Special Project Division, Aarey Goregaon (E), Mumbai 400 065 from **Competent bidder** through Government of Maharashtra Electronic Tender Management System. Tender documents are available online on website **https://mahatenders.gov.in.** The right to accept or reject the above said e-tender without assigning any reason rests with the competent authority. Conditional tender shall not be accepted.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost in Rupees |
|---|---|---|
| 1 | Construction of Retaining Wall and Compound Wall in Dahisar Niyuktshetr Ravalpada Chowky to Shingate Khadan (Ambyacha Pani), Shingate Khadan (Ambyacha Pani) to Trimurti Mandir and Construction of Compound Wall in Uttar Magathane Niyatkshetr at Trimandir and Abhinav Nagar Rushivan, Dakshin Magathane Niyatkshetra from Jain Mandir to Pandey Compound on the Boundary of Sanjay Gandhi National Park, Mumbai. | 10,28,11,373.00/- |

**E-Tender Schedule:-**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Period of downloading of tender | From Date **17/04/2025** @11:00 to Date **24/04/2025** @15:00 |
| 2 | Pre-Bid Meeting | Date **22/04/2025** @15:00 In the office of the Chief Engineer, Public Works Region, Bandhkam Bhavan, Murzban Road, Mumbai.400001 |
| 3 | Opening of Tender (Online) | Date **25/04/2025** @15:15, In the office of the Superintending Engineer, Mumbai Construction Circle, Chembur, Mumbai 400071. |

All information of e-tendering is available on the following websites:-
**1. https://mahapwd.com**
**2. https://mahatenders.gov.in**
(If any changes occurred in tender notice, the same shall be available on above websites)

Tender notice is available on the Notice board of office of the Executive Engineer, Public Works Special Project Division. Aarey. Goregaon (E), Mumbai-400065.

**No.EE/PWSPD/Aarey/TC/ 787**
**Office of The Executive Engineer,**
**P.W.Special Project Division, Aarey,**
**Goregaon (E) Mumbai-400065**
**Date: 15/04/2025**

Sd/-
**Executive Engineer,**
**P.W. Special Project Division,**
**Aarey, Goregaon (E), Mumbai-65**

**DGIPR/2025-26/C-268**

## फिरौती के लिए 52 वर्षीय व्यक्ति की बेरहमी से हत्या

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

शहर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां फिरौती के लिए एक 52 वर्षीय व्यक्ति की निर्मम हत्या कर उसका शव खाड़ी में फेंक दिया गया। मृतक की पहचान फरहात इकबाल अहमद शेख (52) के रूप में हुई है, जो भिवंडी बायपास क्षेत्र के निवासी थे।भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन के क्राइम पीआई संदीम रासकर के अनुसार, 12 अप्रैल को फरहात शेख को एक अज्ञात व्यक्ति बहाने से बुलाकर अपने साथ ले गया और फिर उनका अपहरण कर लिया। इसके बाद फरहात शेख के मोबाइल से उनकी बेटी और परिचित शफी अंसारी के मोबाइल पर फिरौती की मांग वाला संदेश भेजा गया।



### भोईवाड़ा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर शुरू की जांच, आरोपी की तलाश जारी

### 15 अप्रैल को मिला शव

तीन दिन बाद, 15 अप्रैल को कारीवली गांव स्थित श्मशानभूमि के पास खाड़ी से लगभग 500 मीटर की दूरी पर फरहात शेख का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही भोईवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची, पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजीएम अस्पताल भिवंडी भेजा गया।

### मामला दर्ज, जांच तेज

मृतक की पत्नी हिना तबस्सुम फरहात शेख की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1), 140(1), 309(6), 351(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस


भोईवाड़ा पुलिस हत्या के इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मामले की जांच क्राइम पीआई संदीम रासकर की अगुवाई में जारी है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जीवित वसीयत संरक्षण पर बॉम्बे हाई कोर्ट में सुनवाई

- राज्य सरकार ने गठित किए चिकित्सा बोर्ड

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

राज्य सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट को सूचित किया कि जीवित वसीयत (लिविंग विल) के संरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत 12 दिसंबर 2024 को शासनादेश (जीआर) जारी कर प्राथमिक और माध्यमिक चिकित्सा बोर्ड का गठन किया गया है। साथ ही दस्तावेजों की त्वरित पुनर्प्राप्ति के लिए एक तंत्र तीन महीने के भीतर लागू किया जाएगा।



### याचिका पर कोर्ट की टिप्पणी

मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति एम.एस. कार्णिक की पीठ ने स्पष्ट किया कि अगर सुप्रीम कोर्ट के किसी निर्देश का पालन नहीं हुआ है, तो राज्य सरकार चार महीने के भीतर उसका अनुपालन करने के लिए बाध्य है।

### जनहित याचिका की पृष्ठभूमि

यह सुनवाई गोरेगांव के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निखिल दातार द्वारा दायर जनहित याचिका पर हुई। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के इच्छामृत्यु दिशानिर्देशों को सरल बनाने और मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) तथा राज्य सरकार से जीवित वसीयत के संरक्षण के लिए संरक्षक नियुक्त करने की मांग की गई थी।

### क्या है जीवित वसीयत (लिविंग विल)?

यह एक कानूनी दस्तावेज होता है जिसमें कोई व्यक्ति यह निर्धारित करता है कि किसी लाइलाज बीमारी या चिकित्सा आपात स्थिति में, जब वह स्वयं निर्णय लेने की स्थिति में न हो, तब उसका चिकित्सा उपचार कैसा हो। यह दस्तावेज इच्छामृत्यु की स्थिति में मरीज की मर्जी को प्राथमिकता देता है।

## भायंदर में मैंग्रोव भूमि पर अवैध कबाड़ गोदाम में भीषण आग

**डीबीडी संवाददाता | भायंदर**

मीरा-भायंदर के मोरवा गांव के पीछे हरे-भरे मैंग्रोव क्षेत्र में अवैध रूप से बने एक कबाड़ गोदाम में गुरुवार दोपहर करीब 11:30 बजे भीषण आग लग गई। घटना के समय मीराभायंदर महानगरपालिका (MBMC) की दमकल टीम फायर सर्विस वीक (14 से 20 अप्रैल) के तहत आयोजित एक मॉक ड्रिल में भाग ले रही थी। करीब 11:50 बजे दमकल विभाग को आग की सूचना मिली, जिसके बाद 85 से ज्यादा फायरकर्मियों की टीम नौ दमकल गाड़ियों और दो



पानी के टैंकरों के साथ मौके पर पहुंची। लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि आग की लपटों के बीच कई छोटे धमाके भी हुए, जिनके पीछे गोदाम में मौजूद खतरनाक रसायनों और एलपीजी सिलेंडरों की मौजूदगी को कारण बताया जा रहा है।

दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मौके से 15 एलपीजी सिलेंडरों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिससे संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण गर्मी और रसायनों से उत्पन्न ताप को बताया जा रहा है, जिससे स्वतः दहन (Spontaneous Combustion) की आशंका जताई गई है।

### मैंग्रोव क्षेत्र को भारी नुकसान

इस आग में लाखों रुपए का कबाड़ जलकर राख हो गया, साथ ही आसपास के स्वस्थ मैंग्रोव क्षेत्र को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इससे पर्यावरण को अपूरणीय क्षति हुई है।

# देवगिरि किले में आग के बाद हड़कंप

- ज्वलनशील सामान पर रोक की मांग
- INTACH ने दिए सुरक्षा सुझाव

**छत्रपति संभाजीनगर/मुंबई।** छत्रपति संभाजीनगर जिले के प्रसिद्ध देवगिरि किले में 8 अप्रैल को अचानक आग लग गई थी। आग किले के ऊपरी हिस्से बारादरी की छत पर उगी सूखी घास से शुरू होकर वहां मौजूद लकड़ी के ढांचों तक फैल गई। इस घटना से किले को नुकसान पहुंचा और वहां के वन्यजीव, विशेषकर बंदरों को प्रभावित किया।



### INTACH ने उठाई सुरक्षा की मांग

इस घटना के बाद भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत न्यास (INTACH) ने किले की सुरक्षा को लेकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) अधिकारियों से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। INTACH ने मांग की कि पर्यटकों को माचिस, लाइटर, सिगरेट, बीड़ी जैसे ज्वलनशील वस्तुएं किले में लाने से रोका जाए।

### घास और कचरे की नियमित सफाई पर जोर

INTACH ने सुझाव दिया कि किले के अंदर उगी घास, सूखी लकड़ियां और प्लास्टिक कचरे की समय-समय पर सफाई की जाए, खासकर गर्मियों से पहले। साथ ही परिसर में आने वाले हर व्यक्ति की सख्त जांच हो, जिससे कोई ज्वलनशील सामग्री अंदर न ले जा सके।

### प्लास्टिक की बोतलों पर भी प्रतिबंध की मांग

किले में प्लास्टिक की बोतलों पर रोक लगाने की बात भी कही गई है। इसके अलावा महाराष्ट्र अग्नि निवारण और जीवन सुरक्षा अधिनियम, 2006 के पालन की मांग भी की गई। INTACH ने सुझाव दिया कि आपात स्थिति के लिए छोटे पानी के टैंकरों के प्रवेश मार्ग खुले और साफ रखे जाएं।

### इतिहास और महत्व

देवगिरि किला छत्रपति संभाजीनगर शहर से लगभग 16 किलोमीटर दूर स्थित है और यह कभी यादव राजवंश की राजधानी रहा था। ऐतिहासिक महत्व और पर्यटकों में लोकप्रियता को देखते हुए इसके संरक्षण और सुरक्षा को लेकर INTACH की चिंता वाजिब मानी जा रही है।

चित्रपट पुरस्कारों की घोषणा

# महेश मांजरेकर, अनुपम खेर, काजोल और मुक्ता बर्वे होंगे सम्मानित

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा दिए जाने वाले प्रतिष्ठित चित्रपट पुरस्कारों की घोषणा आज सांस्कृतिक कार्य मंत्री एड. आशीष शेलार ने की। यह पुरस्कार समारोह 25 अप्रैल 2025 को एन.एस.सी.आई. डोम, मुंबई में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष चित्रपती व्ही. शांताराम जीवन गौरव पुरस्कार प्रसिद्ध अभिनेता, निर्माता और



निर्देशक महेश मांजरेकर को दिया जाएगा। वहीं, चित्रपती व्ही. शांताराम विशेष योगदान पुरस्कार मराठी अभिनेत्री मुक्ता बर्वे को प्रदान किया जाएगा।

### हिंदी सिनेमा में योगदान के लिए अनुपम खेर को मिलेगा पुरस्कार

हिंदी सिनेमा में उनके अपूर्व योगदान के लिए स्व. राज कपूर जीवन गौरव पुरस्कार प्रख्यात अभिनेता अनुपम खेर को दिया जाएगा, जबकि स्व. राज कपूर विशेष योगदान पुरस्कार अभिनेत्री काजोल देवगन को प्रदान किया जाएगा।

### लता मंगेशकर पुरस्कार भीमराव पांचाले को

गानसम्राज्ञी लता मंगेशकर पुरस्कार इस वर्ष मराठी गजल गायक भीमराव पांचाले को दिया जाएगा। इन पुरस्कारों में 6 से 10 लाख रुपए नकद, स्मृतिचिन्ह, मानपत्र और चांदी का पदक / शाल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, संविधान अमृत महोत्सव और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 20 अप्रैल 2025 को शाम 6.30 बजे गेटवे ऑफ इंडिया, मुंबई में एक भव्य सांगीतिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# घर की मांग को लेकर मिल मजदूरों ने दी आंदोलन की चेतावनी

- 1 मई तक सरकार को दी मोहलत

**मुंबई।** मिल मजदूर एक बार फिर अपने घर की मांग को लेकर आक्रामक हो गए हैं। राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ ने महाराष्ट्र सरकार को 1 मई 2025 तक का अल्टीमेटम दिया है। यदि तय समय सीमा के भीतर सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं होती, तो बड़े आंदोलन का ऐलान किया गया है।



### महासचिव गोविंदराव मोहिते ने रखीं ये मांगे

- बोरीवली की खटाव मिल की जमीन
- एनटीसी मिल नं. 1-2 की टेक्सटाइल म्यूजियम से बची जमीन
- बीडीडी चाल पुनर्विकास से संबंधित जमीन
- मीठागार की खाली जमीन

### मजदूरों की महाबैठक में बना आंदोलन का खाका

मुंबई के परेल स्थित महात्मा गांधी सभागृह में राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ के अध्यक्ष व विधायक सचिन अहीर के नेतृत्व में एक बड़ी बैठक हुई, जिसमें बड़ी संख्या में मिल मजदूर व उनके उत्तराधिकारी शामिल हुए। बैठक में आंदोलन की रणनीति तय की गई और सरकार पर दबाव बढ़ाने की योजना बनाई गई।

### ये हैं मिल मजदूरों की प्रमुख मांगें

म्हाडा और मनपा को मिली एक तिहाई जमीन में से 50% हिस्सा मजदूरों को दिया जाए। बंद पड़ी एनटीसी मिलों की जमीन प्राथमिकता पर घर के लिए मिले। मुंबई में मिलों की जमीन पर बनी पुरानी इमारतों का पुनर्विकास किया जाए। सचिन अहीर ने कहा कि यह केवल मिल मजदूरों की नहीं, बल्कि उनके परिवारों की भी लड़ाई है। इसे कोंकण और पश्चिम महाराष्ट्र में भी ले जाया जाएगा, जिससे आंदोलन को व्यापक समर्थन मिल सके।

### सरकार पर असंवेदनशीलता का आरोप

संघ ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से कई बार मुलाकात कर मांगें रखी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। अगर 1 मई तक समाधान नहीं हुआ, तो तीव्र आंदोलन शुरू किया जाएगा, जो सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है।

# मांसाहारी खाने को लेकर सोसायटी में 'भाषाई' विवाद

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

घाटकोपर स्थित एक सोसायटी में मांसाहारी भोजन करने को लेकर एक मराठी परिवार और गुजराती समाज के बीच विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि सोसायटी के कुछ निवासियों ने मराठी परिवार के खान-पान को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की। मराठी परिवार से दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति की पहचान 'शाह' नाम से हुई है, जो घटना के बाद से सामने नहीं आया है। विवाद के बाद सोसायटी के कई निवासियों ने यह स्पष्ट किया कि उनका मकसद किसी के खान-पान या जाति-धर्म पर टिप्पणी करना नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि सोसायटी में मांसाहार पर कोई प्रतिबंध नहीं है और सभी धर्मों और जातियों के लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाता है।

### मनसे ने लिया मामला हाथ में

घटना की जानकारी मिलते ही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और सोसायटी में मौजूद लोगों से इस व्यवहार को लेकर जवाब-तलब किया। मनसे कामगार सेना के उपाध्यक्ष राज परते ने स्पष्ट कहा कि मुंबई में मराठी लोगों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**मध्य रेल**

**नॉन-एस्बेस्टस आधारित ब्रेक पैड**

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (स.मा.वि.) सवारी व मालडिब्बा कारखाना माटुंगा, मुंबई- 400019. **निविदा सूचना न.:CWE/MTN/85255617/2025, दिनांक: 11.04.2025. विवरण**: डिस्क ब्रेक सिस्टम के लिए नॉन-एस्बेस्टस आधारित ब्रेक पैड (I नंबर LH और I नंबर RH) सामग्री और विनिर्देश - 2x200 cm 2 x 35cm - COFREN 2199 ब्रेक पैड Cofren पार्ट नंबर P202 AA505DS के अनुसार। **मात्रा**: 6758 SETS. **खोलने के लिए नियत तारीख**: 05.05.2025. **निविदा मूल्य**: 28707984/-. मध्य रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा का पूरा विवरण उपलब्ध है, वेबसाइट से सम्पूर्ण दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं।

AK-33

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

वरिष्ठ डी.ई.एन. (मध्य) एम.एम.सी.टी., मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 **सं. 1. निविदा सूचना सं. BCT./25-26/6, दिनांक: 07.04.2025 आमंत्रित करते हैं।कार्य और स्थान:** (i) जोरवासन - सूरत खंडः विरार सूरत - टी.आर.आर.(पी) 3.416 टी.कि.मी. और टी.एस.आर.(पी) - 9.882 टी.कि.मी. के संबंध में ट्रैक का रखरखाव। (ii) जोरवासन - उकाई खंडः वरिष्ठ सं.ई.एन./मध्य खंड के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर मानसून के पानी को बाहर निकालने के लिए स्लज डीजल पंप उपलब्ध कराना। **कार्य की अनुमानित लागत:** 2,56,17,621.12, **ई.एम.डी.:** 2,78,100/-। **सं. 2. निविदा सूचना संख्या BCT/25-26/7, दिनांक: 07.04.2025. कार्य एवं स्थान:** विरार उकाई सोंगहाद **खंड:** विरार से उकाई-सोंगहाद खंड के बीच ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार और 1 किमी तक कैरी डाउन प्रभाव) की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और संचालन (5 वर्ष)। **कार्य की अनुमानित लागत:** 1,92,16,458/-, **ईएमडी:** 2,46,100/-। **दोनों निविदाओं को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय:** 13.05.2025, 15:00 बजे तक। दोनों निविदाओं को खोलने की अंतिम तिथि और समय: 13.05.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ।

0052


हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# फर्जी कंपनी बनाकर 4.69 करोड़ का घोटाला

- मुंबई में एसीबी ने पूर्व बिक्री कर अधिकारी पर दर्ज किया केस
- पद का दुरुपयोग कर जीएसटी रिफंड दिलवाने का आरोप

**मुंबई।** मुंबई में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मझगांव बिक्री कर कार्यालय के पूर्व राज्य कर अधिकारी गजानन लाड के खिलाफ फर्जी कंपनी के नाम पर 4.69 करोड़ रुपए का टैक्स रिफंड दिलाने के मामले में केस दर्ज किया है। आरोप है कि लाड ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए न केवल फर्जी दस्तावेज तैयार किए, बल्कि उन्हें मंजूरी भी दी।

### सेवानिवृत्त अधिकारी के कारनामे उजागर




एसीबी सूत्रों के मुताबिक, गजानन लाड 2024 में सेवानिवृत्त हुए थे। जांच में सामने आया कि लाड ने इंटरक्रिब मार्केट (एपीसी) प्राइवेट लिमिटेड नामक एक कंपनी के लिए जीएसटी नंबर प्राप्त किया और जून 2021 से फरवरी 2022 तक फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों का टैक्स रिफंड पास कर दिया।

### 2022 में विभागीय जांच में हुआ खुलासा

2022 में जीएसटी विभाग को टैक्स रिफंड के कई मामलों में गड़बड़ियां नजर आईं। जांच के दौरान पता चला कि इंटरक्रिब मार्केट नामक कंपनी और उसमें दर्ज निदेशकों की कोई वास्तविकता नहीं थी। उनके नाम और पते पूरी तरह फर्जी थे। इसी दौरान लाड की भूमिका उजागर हुई।

### एसीबी ने दर्ज किया मामला, अन्य आरोपी फरार

सरकारी खजाने को करोड़ों का नुकसान पहुंचाने वाले इस मामले में एसीबी ने गजानन लाड के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। एसीबी सूत्रों के अनुसार, यह घोटाला संगठित रूप से किया गया और जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है।

**पश्चिम रेलवे**

**टीआरडी कार्य**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (उप), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल **ई-: WR-MMCTOESUB(ESOT)/09/2025. दिनांक:15.04.2025** निविदा आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः लोअर परेल - ईएमयू कार्यशाला में दोहरी प्रविष्टि/निकास के संबंध में टीआरडी कार्य। **अनुमानित लागत:** 53,90,730/-. **बोली सुरक्षा:** 1,07,800/-. **कार्य की तिथि और प्रस्तुत करने का समय:** 13.05.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 13.05.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट पर जाएँ **www.ireps.gov.in**

0053

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सिग्नल और दूरसंचार कार्य**

वरिष्ठ डी.एस.टी.ई./उत्तर/मुंबई सेंट्रल, द्वितीय तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008 **ई-निविदा संख्या SG_216_2_113_WA_R, दिनांक: 15.04.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान:** पश्चिमी रेलवे पर मुंबई डिवीजन के विरार-सूरत सेक्शन में 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति बढ़ाने के संबंध में पारडी स्टेशन और अतुल स्टेशन के बीच महत्वपूर्ण पुल संख्या 313 अप और डाउन लाइन के निर्माण के लिए मिट्टी के काम के संबंध में सिग्नल और दूरसंचार कार्य, जिसमें मिट्टी का काम, ट्रैक का काम और संबंधित सिविल कार्य (चेनेज रेलवे किमी 188+200 से रेलवे किमी 189+500 तक) शामिल हैं। **कार्य की अनुमानित लागत:** 1,57,61,661.27, **ईएमडी:** 2,28,800/-. **ई-टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि और समय:** 07.05.2025, 15:00 बजे तक. **ई-टेंडर खोलने की अंतिम तिथि और समय:** 07.05.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ

0050

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**सोलापुर मंडल**

**ई-निविदा सुचना**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति, सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से दिनांक को बजे तक निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदा आमंत्रित करते है। **ई-निविदा सुचना क्र. 01-2025-GSU-Civil. दिनांक:15.04.2025 कार्य का नाम: (A)** अक्कलकोट रोड स्टेशन पर अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन के लिए एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) तक रैम्प की सुविधा प्रदान करना (सोलापुर मंडल के अंतर्गत)। **(B)** अक्कलकोट रोड स्टेशन पर अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत लिफ्ट की सुविधा प्रदान करना (सोलापुर मंडल के अंतर्गत। **(C)** पार्सल और माल गोदाम से संबंधित सुविधाओं का निम्नलिखित स्थानों पर प्रावधान (i) **सोलापुरः** सीजीएस कार्यालय एवं पार्सल कार्यालय का प्रावधान। (ii) **कलबुर्गी:** पार्सत कार्यालय का प्रावधान। (iii) **कुर्दुवाडी:** हमाल कक्ष एवं सीजीएस कार्यालय का प्रावधान। (iv) **वाड़ी:** पार्सत कार्यालय एवं स्टोर रूम का प्रावधान। (v) पंढरपुरः हमाल कक्ष का प्रावधान। **(D) वाड़ी-** वाड़ी स्टेशन के प्लेटफॉर्म 1/2 और 3/4 की सतह को पुनः निर्मित करना तथा अन्य सुधारात्मक कार्य करना। **अनुमानित लागत:** रु.21,31,91,771,00. **बयाना रक्कम:** रु. 12,16,000.00. **समापन की अवधी:** 12 (बारह) महीने। **अनुरक्षण की अवधी:** 6 महीने या एक मानसून जो बाद में होता है। **वेबसाइट ई -निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तारीख और समय: 09.05.2025** up to **15.00** hrs. **वेबसाइट ई-निविदा खोलने की तारीख और समय: 09.05.2025** after **15.30** hrs. **वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in** निविदाकारों से निवेदन हैं की कोई बदलाव शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये **Website: www.ireps.gov.in** पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।

**मुख्य परियोजना प्रबन्धक (गति शक्ति)**

Akar/Sur- 40 मध्य रेल, सोलापूर

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| विभाग | : | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन |
| अनुभाग | : | उप मुख्य अभियंता (एसडब्ल्यूएम)योजना |
| निविदा आईडी संख्या | : | 2025_MCGM_1171235_1 |
| विषय | : | जी/एस वार्ड में वर्ली कोलीवाडा समुद्र तट पर 65 दिनों की अवधि के लिए सफाई का व्यापक प्रबंधन। |
| बोली आरंभ तिथि और समय | : | 18.04.2025 सुबह 11.00 बजे से |
| बोली समाप्ति तिथि और समय | : | 24.04.2025 शाम 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | : | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति:- | | |
| a नाम | : | श्री.आनंद. बी.कंकल, ईई (एसडब्ल्यूएम) प्लानिंग |
| बी टेलीफोन | : | 022-23844450 |
| सी मोबाइल नंबर | : | 7045804867 |
| डी ई-मेल आईडी | : | eelswm.pl@mcgm.gov.in |

पीआरओ/ 154 /विज्ञा./2025-26

हस्ता./-
अधिशाषी अभियंता. (एसडब्ल्यूएम) प्लानिंग

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी**

**अभिलेख साधनसामुग्री विभाग**

**ई- निविदा सुचना क्र. ०२ सन २०२५-२६**

भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिकेच्या लेखन साहित्य छपाई करुन पूरविणे उदा. रजिष्टर्स, पावतीबुके, नोंदवहया, सुटे फॉर्म छपाई करुन पुरविणे कामी खालील सही करणार हे दि. १७/०४/२०२५ ते दि. २३/०४/२०२५ पर्यत ई-निविदा मागवित आहेत. सदरच्या ई-निविदा महापालिकेच्या (mahatenders.gov.in) संकेतस्थळावरुन डाऊनलोड करुन घ्याव्यात व भराव्यात.

| अ.क्र. | कामाचे नांव | ईसारा रक्कम रु. | कामाची मुदत | निविदा फॉमची किंमत | सुरक्षा अनामत रक्कम | नोंदणी वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | महानगरपालिकेच्या अभिलेख/साधन सामुग्री विभागास सन २०२५/२०२६ या आर्थिक वर्षात लागणारे लेखन साहित्य उदा रजिष्टर, पावतीबुके इ. छपाई करुन पुरविणे | रु.५५,०००/- | ४५ दिवस | रु. ३६००/- + 18% GST रु.६४८/- रु.४,२४८/- | ३% (टक्के) रोखीने | २ |

ई-निविदेवावतची संपूर्ण माहिती महानगरपालिकेच्या संकेत स्थळावर उपलब्ध आहे. त्यानंतर पूर्ण भरलेल्या निविदा **ऑनलाईन पध्दतीनेच** भरावयाच्या आहेत. कोणतीही निविदा स्विकारणे, फेटाळणे अथवा रद्द करणे याबाबतचे अंतिम अधिकार मा. महानगरपालिका आयुक्त यांनी राखून ठेवले आहेत. त्याबाबतची कारणे दिली जाणार नाहीत.

मा. प्रशासक तथा आयुक्त यांचे मान्यतेने

सही/-
उप-आयुक्त (अभिलेख)
भिवंडी नि. शहर महानगरपालिका, भिवंडी

टिप - सदर प्रणालीबावत काही अडचण भासल्यास हेल्पलाईन क्रं. ०२०-४१४६६६६६ किंवा ९८१९१३९०९० यावर संपर्क साधून अडचणीचे निरसन करुन घ्यावे.

जा.क्र./ज.सं.वि./३७६ दि.१७/०४/२०२५

# कांग्रेस नेता नसीम खान ने वक्फ कानून पर 'ब्रेक' का किया स्वागत

**मुंबई।** संसद से पारित वक्फ कानून को लेकर सभी की नजरें अब सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार से सात दिन में जवाब देने का आदेश दिया है। इस बीच राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये आदेश किसी एक पक्ष की जीत या दूसरे पक्ष की हार नहीं है, बल्कि यह भारतीय संविधान की मर्यादाओं और प्रावधानों के पालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पवार ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो सात दिन की स्थगन दी है, वह केंद्र सरकार और वक्फ बोर्ड दोनों पक्षों को न्यायालय में अपना पक्ष मजबूती से रखने का अवसर प्रदान करती है। यह स्थगन न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है, न कि किसी पक्ष के समर्थन या विरोध का प्रतीक है। डीसीएम पवार ने आगे लिखा है कि संविधान में जो भी प्रावधान हैं, उनका पालन हो, यही सुप्रीम कोर्ट की मंशा है। जब तक कोर्ट दोनों पक्षों की दलीलें नहीं सुन लेता और अंतिम निर्णय नहीं देता, तब तक इस विषय पर कोई भी टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

### क्या बोले कांग्रेस नेता नसीम खान?



वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई अस्थायी रोक का स्वागत करते हुए पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य नसीम खान ने मांग की है कि नए वक्फ अधिनियम को निरस्त किया जाए। तिलक भवन में पत्रकारों से बातचीत में नसीम खान ने आगे कहा कि गरीब मुसलमानों के कल्याण के नाम पर बीजेपी जो कानून पारित किया है वह असंवैधानिक है। कांग्रेस पार्टी सहित विभिन्न दलों और संगठनों ने वक्फ अधिनियम में संशोधन पर गंभीर आपत्ति जताई है। बीजेपी का मुस्लिम समुदाय के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। बीजेपी में मुस्लिम के लिए कोई जगह नहीं है। कांग्रेस पार्टी सभी जातियों और धर्मों के लोगों को समायोजित करती है और उन्हें उचित अवसर प्रदान करती है।


## संपादकीय

# बिजली को झटका

जिस राज्य में उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली दी जा रही हो, वहां बिजली चोरी का चिंताजनक स्थिति तक पहुंच जाना, निश्चित ही गंभीर मसला है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड को यदि वर्ष 2024-25 में दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है तो उसकी बड़ी वजह पंजाब में बिजली चोरी का बेहद गंभीर स्थिति को पार कर जाना है। ये नुकसान प्रतिदिन के हिसाब से 5.5 करोड़ रुपये बैठता है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात तो यह है कि यह नुकसान सिस्टम की विफलता या प्राकृतिक आपदाओं के कारण नहीं हुआ है बल्कि जानबूझ कर सुनियोजित तरीके से की जा रही बिजली चोरी की वजह से हुआ है। राज्य में घाटे में चल रहे लगभग 77 फीसदी फीडर सीमावर्ती और पश्चिमी क्षेत्रों में स्थापित हैं, जिनमें पट्टी, भिखीविंड, अजनाला और जीरा जैसे डिवीजन शामिल हैं, जिनमें से कई संगठित बिजली चोरी के लिए कुख्यात हैं। भूमिगत कुंडी कनेक्शन से लेकर मीटर से छेड़छाड़ और पिलर बॉक्स को निष्क्रिय करके चोरी करना एक आम तरीका बन गया है। आरोप है कि ये चोरी आमतौर पर राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं के संरक्षण में होती है। दरअसल, इस विडंबना को नजरअंदाज करना मुश्किल है कि जबकि लोगों को पहले ही छह सौ यूनिट तक सब्सिडी वाली यानी कि मुफ्त बिजली का लाभ उठाने का मौका मिल रहा है, लेकिन इसके बावजूद बिजली चोरी की प्रवृत्ति कम नहीं हो रही है। दरअसल, पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड का संकट यहीं खत्म नहीं हो जाता। पीएसपीसीएल कुप्रबंधन व व्यवस्थागत संकटों से भी गंभीर रूप से जूझ रहा है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड कर्मचारियों की भारी कमी की चुनौतियों से जूझ रहा है। बिजली विभाग में 4900 से अधिक लाइनमैनों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन फिलहाल केवल 1313 लाइनमैन काम कर रहे हैं। अकेले लुधियाना में ही जूनियर इंजीनियर के आधे पद खाली हैं। बिजली चोरी रोकने तथा बेहतर व्यवस्था के लिये कर्मचारी भर्ती अभियान को गति दी जानी चाहिए। दरअसल, पीएसपीसीएल में पर्याप्त कर्मचारी न होने के कारण विभागीय कार्यक्षमता बुरी तरह से प्रभावित है। जब भी किसी इलाके में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न होता है तो तत्काल कार्रवाई बिजली बहाल करने के लिये नहीं हो पाती। फलतः लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों की नाराजगी लगातार बढ़ती है। विभाग में पक्के मुलाजिमों की नियुक्ति न होने पर कम वेतन पाने वाले संविदा कर्मचारियों के जरिये व्यवस्था बनाने की कोशिश होती है। जिसके चलते संविदा कर्मचारियों द्वारा अकसर आंदोलन किया जाता है। वे खुद को पक्का करने की मांग करते रहते हैं। उनका आरोप होता है कि कम वेतन देकर उनसे ज्यादा काम कराया जाता है। जानकार मानते हैं कि सिर्फ संविदा कर्मचारियों पर अत्याधिक निर्भरता केवल तदर्थवाद को ही बढ़ाएगी। हालांकि, नियामक आयोग ने इस गड़बड़ी को भी चिन्हित किया है। लेकिन इससे ही समस्या का समाधान संभव नहीं है, संकट के निराकरण को गंभीर प्रयासों की जरूरत महसूस की जा रही है। इस समस्या का व्यापक स्तर पर समाधान तभी संभव है जब राज्य के नेतृत्व द्वारा इच्छा-शक्ति को दर्शाया जाएगा। समय की मांग है कि भारी घाटे वाले फीडरों में वित्तीय प्रबंधन के लिये लक्षित कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों को ईमानदारी से बिजली के उपयोग के लिये प्रोत्साहित किया जाए। उम्मीद की जानी चाहिए कि छेड़छाड़ न किये जा सकने वाले स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। साथ ही बिजली चोरी रोकने के लिये सख्त दंड का भी प्रावधान किया जाना जरूरी है। बिजली चोरी में लिप्त लोगों की पहचान होने पर उन्हें दंडित किया जाना जरूरी है। साथ ही ऐसे लोगों को मुफ्त बिजली पाने की योजना का लाभ उठाने के अधिकार से भी वंचित किया जाना चाहिए। दरअसल, सख्त व पारदर्शी दंड व्यवस्था ही चोरी की प्रवृत्ति पर अंकुश लगा सकती है। पीएसपीसीएल को अधिक नुकसान नहीं उठाना चाहिए, जबकि पंजाब पहले ही कर्ज का बोझ उठाने वाले राज्यों में दूसरे स्थान पर है।

## शख्सियत — चंदेश्वर प्रसाद नारायण सिंह

# एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी



सिंह काजी का जन्म 18 अप्रैल 1901 को बिहार के सारण जिले के परसागढ़ स्टेट के भूमिहार ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से एमए किया जहाँ से उन्होंने 1925 में मल्लिक स्वर्ण पदक भी प्राप्त किया। बिहार लौटने के बाद, वे राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल हो गए, 1927 में तत्कालीन बिहार विधान परिषद के लिए चुने गए। उन्हें मुजफ्फरपुर के जिला बोर्ड का अध्यक्ष भी चुना गया, जहाँ उन्होंने 1934 के नेपाल-बिहार भूकंप के पीड़ितों के लिए राहत प्रयासों का आयोजन किया।

उन्हें 1935 की न्यू ईयर ऑनर्स लिस्ट में कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द इंडियन एम्पायर से सम्मानित किया गया। 1945 में, उन्हें नए पटना विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया। विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के विकास में उनके योगदान की सभी ने प्रशंसा की। उन्होंने नए खुले विभागों को संचालित करने के लिए देश भर से प्रतिष्ठित शिक्षकों को लाया। इसके अलावा, लड़कियों की शिक्षा के लिए उनके समर्थन पर प्रकाश डाला गया और यह परंपरा आज भी जारी है, पटना विश्वविद्यालय के तेरह कॉलेजों में से तीन विशेष रूप से लड़कियों के लिए हैं, और अन्य आठ सह-शिक्षा वाले हैं जिनमें लड़कियों का प्रतिशत अधिक है। पटना विश्वविद्यालय मनोवैज्ञानिक अनुसंधान और सेवा संस्थान, पूर्वी भारत के सबसे पुराने मनोवैज्ञानिक सेवा केंद्रों में से एक की स्थापना 1945 में उनके द्वारा की गई थी 1946 में उन्हें नाइटहुड की उपाधि प्रदान की गई। स्वतंत्रता के बाद, 1949 में, उन्हें भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने नेपाल में भारत का राजदूत बनने के लिए आमंत्रित किया। यह इस कार्यकाल के दौरान था कि नेपाल के राजा ने 1950 में भारतीय दूतावास में शरण मांगी थी। काठमांडू में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद, उन्हें 1953 में अविभाजित पंजाब का राज्यपाल नियुक्त किया गया। उनके तत्वावधान में चंडीगढ़ शहर के साथ-साथ भाखड़ा बांध का निर्माण किया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की स्थापना उनका सपना था। वह भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए एक संस्थान स्थापित करना चाहते थे। उन्हें उत्तर प्रदेश का राज्यपाल भी नियुक्त किया गया था। वह जवाहरलाल नेहरू के करीबी दोस्त थे। साथ ही, 1956 में चंडीगढ़ में कला और संस्कृति के लिए एक संस्था प्राचीन कला केंद्र की स्थापना उनके सक्रिय समर्थन और दयालु संरक्षण से की गई थी ।सिंह सत्ता-समर्थक भू-अभिजात वर्ग के नेता थे। 1937-39 के दौरान कांग्रेस मंत्रालय द्वारा बकाश्त भूमि अधिनियम और बिहार काश्तकारी अधिनियम की बहाली के खिलाफ विपक्षी बेंच से उनके भाषण और श्री कृष्ण सिन्हा के जोरदार बचाव ने, हालांकि प्रांत के विधायी इतिहास में एक यादगार अध्याय जोड़ा, अभिजात वर्ग को कांग्रेस समर्थक और विरोधी गुटों में विभाजित कर दिया।

### निवृत्ति

सेवानिवृत्ति के बाद वे भारतीय रिजर्व बैंक और आईडीबीआई बैंक के निदेशक और कई कंपनियों के अध्यक्ष बने। 1977 में देश के लिए उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। सिंह का अपने परिवार और बाहर दोनों जगह महिलाओं के सशक्तिकरण पर ध्यान देना सर्वविदित है।

# डिजिटल अर्थव्यवस्था के खतरे



**विजय गर्ग**

समय, काल और परिस्थितियों के अनुरूप जो परिवर्तन आते हैं, उनमें अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न आयामों में आने वाले परिवर्तन भी स्वाभाविक हैं। आज डिजिटलीकरण के दौर में अर्थव्यवस्था भी डिजिटल हो रही है। डिजिटल अर्थव्यवस्था में डिजिटल तकनीक के जरिए संचालित होने वाली आर्थिक गतिविधियां जैसे आनलाइन लेन-देन, ई-कामर्स, ई-बिजनेस और डिजिटल मार्केटिंग जैसी कई गतिविधियां शामिल हैं। इनमें अर्थव्यवस्था में इंटरनेट, मोबाइल, डेटा रखरखाव की प्रणाली और सूचना और संचार प्रौद्योगिकी से जुड़ी क्रियाओं का भी समावेश होता है। डिजिटल अर्थव्यवस्था के माध्यम दूरदराज के क्षेत्रों में इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं द्वारा व्यावसायिक के क्रिया संचालन सुगमता से संभव हो जाता है। इससे व्यवसायों के लिए नए आर्थिक अवसर उपलब्ध होते हैं। इसके माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी आनलाइन उपलब्ध कराने का अवसर मिला है। ई-गवर्नेंस की व्यवस्था भी इसी के कारण संभव हुई है। डिजिटल अर्थव्यवस्था का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'भारतनेट' परियोजना का उद्देश्य भी प्रत्येक ग्राम पंचायत को किफायती 'हाई स्पीड इंटरनेट' की पहुंच प्रदान करना है। दुनिया भर के देश डिजिटल अर्थव्यवस्था समझौतों द्वारा अपने आपसी व्यापार को विनियमित करने में लगे हैं। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का 'आकलन और माप' शीर्षक रपट से पता चलता है कि वर्ष 2022-23 में डिजिटल क्षेत्र की राष्ट्रीय आय में लगभग 11.74 फीसद हिस्सेदारी है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 31.64 लाख करोड़ रुपए का योगदान करती है। वर्ष 2024-25 तक यह 13.42 फीसद होने का अनुमान है। संभावना है कि वर्ष 2029-30 तक यह देश की कुल अर्थव्यवस्था में लगभग पांचवें हिस्से के बराबर योगदान देगी। डिजिटल अर्थव्यवस्था ने रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराए हैं। इस अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में वर्ष 2022-23 में एक करोड़ चालीस लाख 67 हजार कर्मचारी कार्यरत थे। डिजिटल साक्षरता में भी वृद्धि हो रही है। बैंक और वित्तीय संस्थाओं ने डिजिटल लेन-देन और अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अपने ऐप भी विकसित कर लिए हैं, जिनसे एक व्यक्ति घर बैठे इनसे जुड़ी सेवाओं और सुविधाओं का लाभ लेने लगे हैं। अलग-अलग भुगतान ऐप भी विकसित हो गए हैं, जो एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति के साथ अपने बैंकों के माध्यम से लेन-देन को सुगम बना रहे हैं। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय का वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) देश में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' (यूपीआइ) जैसी तेज भुगतान प्रणाली को बढ़ावा देने के प्रयासों के कारण वित्तीय लेन-देन के तरीके में क्रांति आ रही है। इससे लाखों लोगों के लिए वास्तविक समय में सुरक्षित और निर्बाध भुगतान संभव हो गया है। डिजिटल लेन-देन की कुल संख्या वित्तवर्ष 2017-18 के 2,071 करोड़ रुपए से बढ़ कर वित्तवर्ष 2023-24 में 18,737 करोड़ रुपए हो गई है। इसके अतिरिक्त मौजूदा वित्तवर्ष 2024-25 के अंतिम पांच महीने अप्रैल से अगस्त के दौरान लेन-देन की मात्रा 8,659 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। डिजिटल अर्थव्यवस्था की आपसी साझेदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न देश समझौते भी कर रहे हैं। चिली, न्यूजीलैंड और सिंगापुर के बीच डिजिटल अर्थव्यवस्था भागीदारी समझौता सभी डब्लूटीओ सदस्यों के लिए खुला पहला डिजिटल व्यापार समझौता है, जो जून 2020 में इलेक्ट्रानिक रूप से हस्ताक्षरित होने वाला पहला समझौता है। इसे एपीईसी और ओईसीडी जैसे अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों के भीतर चल रहे ई-कामर्स और डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए डब्लूटीओ वार्ता के पूरक के रूप में तैयार किया गया था। पारंपरिक आर्थिक जुड़ाव की सीमाओं को आगे बढ़ा कर यह अपनी तरह का पहला समझौता व्यापार नीति में एक नया आयाम है। इसने पहले ही दुनिया की कुछ सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। इनमें कनाडा, चीन और दक्षिण कोरिया शामिल होने का प्रयास कर रहे हैं। इसी प्रकार ब्रिटेन और सिंगापुर डिजिटल इकोनामी एग्रीमेंट जून 2022 में लागू हो चुका है। इस समझौते के तीन मुख्य लक्ष्य हैं- अधिक सुरक्षित डिजिटल वातावरण की सुविधा देना, विश्वसनीय डेटा प्रवाह को सुनिश्चित करना और डिजिटल व्यापार में सहयोग करना अर्थव्यवस्था में डिजिटल भुगतान, डेटा प्रवाह और डिजिटल सेवाओं का महत्त्व तेजी से बढ़ रहा है। डिजिटल व्यापार के समक्ष कई चुनौतियां और खतरे भी हैं। डिजिटल संरक्षणवाद बढ़ रहा है। इससे खासकर छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) सहित अन्य क्षेत्रों के लिए व्यवसाय के अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसके अलावा, वैश्विक डिजिटल व्यापार समझौते की अनुपस्थिति डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं के बीच समन्वय की समस्या चुनौतियों को और बढ़ाती है। डिजिटल अर्थव्यवस्था में कई अन्य समस्याएं और चुनौतियां भी हैं, जिनमें अभी डिजिटल साक्षरता की कमी, साइबर सुरक्षा के खतरे, साइबर आर्थिक अपराध, खराब डिजिटल बुनियादी ढांचा डेटा गोपनीयता जैसी समस्याएं शामिल हैं। इनमें सबसे बड़ा खतरा साइबर सुरक्षा का है। डिजिटल अर्थव्यवस्था में साइबर हमले का खतरा बढ़ गया है, इसके कई उदाहरण हमारे सामने आते रहते हैं। इसके कारण वित्तीय नुकसान भी 2022 में 1,935.51 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। पंजीकृत मामलों में साइबर धोखाधड़ी के मामले सबसे अधिक 64.8 फीसद थे। इसके बाद जबरन वसूली 5.5 फीसद और यौन शोषण 5.2 फीसद था। आर्थिक धोखाधड़ी के सर्वाधिक शिकार वरिष्ठ नागरिक होते हैं। उनको तकनीक की पर्याप्त जानकारी नहीं होती। सेवानिवृत्ति पर मिली एकमुश्त राशि पर साइबर अपराधियों की नजर रहती है, वे उनको अधिक ब्याज और अन्य लाभ देने जैसी कथित योजनाओं के जाल में फंसा कर जमा राशि हड़पने का प्रयास करते हैं। यदि उन अपराधियों की कोई शिकायत कर देता है, तो कई बार उनके जाल में फंसे लोगों के लाखों रुपए जमा वाले बैंक खाते 'निष्क्रिय' हो जाते हैं, इस कारण वे अपनी सामान्य जरूरतों का लेन-देन भी नहीं कर पाते। कई ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में अभी डिजिटल बुनियादी ढांचे तक पहुंच का अभाव है जो डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास बाधा डालता है। इसके लिए एक सशक्त, उपयुक्त नियामक और कानूनी ढांचे की आवश्यकता है, जो उपभोक्ताओं की डिजिटल सुरक्षा सुरक्षा सुनिश्चित कर सके और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दे सके। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि सभी की डिजिटल सेवाओं तक सुरक्षित और सस्ती पहुंच हो। इसके लिए डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना, साइबर सुरक्षा को मजबूत करना, सशक्त 'एंटीवायरस' विकसित करना समय-समय पर उनको अद्यतन करना, डिजिटल बुनियादी ढांचे में सुधार करना, डेटा गोपनीयता की रक्षा और डिजिटल विभाजन को कम करने जैसी गतिविधियों के माध्यम से डिजिटल अर्थव्यवस्था के समग्र विकास को संभव बना सके।

## जीवन मंत्र

# बीते को छोड़ो, वर्तमान में जीओ, भविष्य संवर जाएगा

वर्तमान में जीने से हमारी मानसिक स्थिति और कार्यक्षमता दोनों में सुधार होता है, और हम अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर पाते हैं। वर्तमान में जीने का यह अर्थ नहीं है कि हमें भविष्य की चिंताओं को नजरअंदाज करना चाहिए।

हम अक्सर अपने अतीत के बारे में सोचते रहते हैं, चाहे वह खुशियों के पल हों या दुखों के। कई बार हम अपनी विफलताओं, गलतियों और पछतावे को लेकर इतने परेशान हो जाते हैं कि वे हमारे वर्तमान को प्रभावित करने लगते हैं। इस कारण हम अपने जीवन में सही दिशा में कदम नहीं बढ़ा पाते। अतीत में घुसे रहने से केवल मानसिक तनाव और चिंता बढ़ती है, लेकिन इससे आगे बढ़ने का रास्ता नहीं मिलता। इसलिए, हमें यह समझना चाहिए कि जो बीत चुका, वह अब बदल नहीं सकता। हम उसे रोक नहीं सकते, न ही उस पर कोई नियंत्रण पा सकते हैं। अतः अतीत के बारे में सोचने के बजाय हमें वर्तमान में जीने की कला को समझना चाहिए, क्योंकि वर्तमान ही वह क्षण है जो हमारे भविष्य को आकार देता है। जब हम अपने वर्तमान में पूरी तरह से उपस्थित होते हैं, तो हम अपने समय और संसाधनों का सही उपयोग कर सकते हैं। वर्तमान में जीने का मतलब है, हर पल को पूरी तरह से जीना और अपने कार्यों में पूरी तरह से संलग्न होना। यही वह समय है जब हम अपनी मेहनत



और प्रतिबद्धता से अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ सकते हैं। जब हम इस क्षण को समझते हुए काम करते हैं, तो हमारा ध्यान सिर्फ परिणामों पर नहीं, बल्कि उस प्रक्रिया पर होता है जो हमें अंततः सफलता दिलाती है। इस प्रकार, वर्तमान में जीने से हमारी मानसिक स्थिति और कार्यक्षमता दोनों में सुधार होता है, और हम अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर पाते हैं। वर्तमान में जीने का यह अर्थ नहीं है कि हमें भविष्य की चिंताओं को नजरअंदाज करना चाहिए। बल्कि, इसका मतलब यह है कि हमें अपनी ऊर्जा और ध्यान को केवल वर्तमान के पल में लगाए रखना चाहिए, जिससे हम अपनी पूरी क्षमता से कार्य कर सकें। भविष्य स्वयं बनता है, और अगर हम वर्तमान में अपने प्रयासों और सोच को सही दिशा में लगाते हैं, तो निश्चित रूप से हमारा भविष्य संवर जाएगा। प्रत्येक छोटा कदम, हर अच्छा निर्णय, हर दिन का सही उपयोग हमें भविष्य में बड़े परिणाम दिलाता है।

**बीते हुए कल को छोड़ो, वर्तमान में पूरी तरह जीओ,**
**हर कदम से भविष्य को संवारो,**
**अपनी राह खुद तय करो।**
**जो आज सही किया, वही कल सफलता में बदलेगा।**

## जीवन ऊर्जा

**महर्षि डॉ॰ धोंडो केशव कर्वे : जन्म 18 अप्रैल 1858** — जन्म

# समान अवसर से ही हम सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बना सकते हैं

महर्षि डॉ॰ धोंडो केशव कर्वे प्रसिद्ध समाज सुधारक थे। उन्होने महिला शिक्षा और विधवा विवाह मे महत्त्वपूर्ण योगदान किया। उन्होने अपना जीवन महिला उत्थान को समर्पित कर दिया। उनके द्वारा मुम्बई में स्थापित एस एन डी टी महिला विश्वविद्यालय भारत का प्रथम महिला विश्वविद्यालय है। वे वर्ष १८९१ से वर्ष १९१४ तक पुणे के फरगुस्सन कालेज में गणित के अध्यापक थे। उन्हे वर्ष १९५८ में भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

जब समाज में हर व्यक्ति को अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें विकसित करने का समान अवसर मिलता है, तो न केवल उस व्यक्ति का, बल्कि समाज और राष्ट्र का भी सर्वांगीण विकास होता है। अगर किसी समाज में कुछ वर्गों को ही अवसर मिलते हैं और बाकी वर्गों को अपार संभावनाओं के बावजूद उनके अधिकारों से वंचित रखा जाता है, तो उस समाज की प्रगति हमेशा सीमित रहेगी। एक सशक्त राष्ट्र वही होता है, जहां हर नागरिक को अपने सपने पूरा करने का समान अधिकार और अवसर मिलता है, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, लिंग, या सामाजिक स्थिति से हो। समान अवसर का अर्थ सिर्फ शारीरिक या मानसिक क्षमता के अनुसार न्याय नहीं है, बल्कि यह हर वर्ग के सामाजिक और



आर्थिक अधिकारों का सम्मान करना भी है। अगर महिलाओं, बच्चों, दलितों, या आदिवासी समुदायों को उनके अधिकारों से वंचित रखा जाता है, तो उनका अपार क्षमता और योगदान समाज के लिए व्यर्थ जाता है। एक सशक्त राष्ट्र तभी संभव है जब इन वर्गों को समान अवसर मिलें, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता से राष्ट्र की सेवा कर सकें। उदाहरण स्वरूप, महिला शिक्षा, बच्चों की देखभाल, और समाज के पिछड़े वर्गों को उनके अधिकारों का समान वितरण एक राष्ट्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज में समान अवसर का अभाव असमानता, भेदभाव, और असंतोष का कारण बनता है, जो अंततः राष्ट्र की प्रगति में रुकावट डालता है। अगर समाज के विभिन्न वर्गों को समान अवसर दिए जाएं, तो न केवल गरीबी और असमानता में कमी आएगी, बल्कि लोगों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। इससे समाज में सामूहिक सहयोग और समर्थन की भावना बढ़ेगी, जो राष्ट्र के विकास को और अधिक सशक्त बना सकती है। एक समान अवसर वाले समाज में लोग एक दूसरे के साथ मिलकर काम करते हैं, जिससे उनकी सोच, दृष्टिकोण और दृष्टि में भी व्यापकता आती है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# कण-कण में ईश्वर का वास

**हरि व्यापक सर्वत्र समाना,**
**प्रेम से प्रकट होई में जाना।**

ईश्वर का कण-कण में वास है, लेकिन वे प्रेम से ही मिलते हैं। सर्वत्र व्याप्त ईश्वर का विश्वास सनातन धर्म में युगों से परिलक्षित है। ईश्वर का न कोई विशेष रूप है, न रंग है, न संग है।भगवान इन माया रूपों में हर स्थान पर उपस्थित हैं। कोई चाहे या न चाहे, ईश्वर सबके लिए उपस्थित हैं, उपलब्ध हैं, चैतन्य हैं।समस्त लोक प्रभु के अधीन हैं। उनकी इच्छा मात्र से सृष्टि की रचना और संहार होता है। अर्थात माया के भिन्न-भिन्न रूप भगवान के हेतुक हैं, इसलिए वे लोकों में सब ओर, अंदर और बाहर विद्यमान हैं। गुण-दोष रहित, अनंत के स्वामी कल्याण के लिए प्रकट भी



होते हैं। लोक उद्धार के उद्देश्यवश निराकार से साकार में प्रविष्ट होते हैं। कण-कण में विराजमान होने से अंतर्यामी हैं, सर्वशक्तिमान और सर्वसुलभ हैं। कण स्वयं में रमाणु का अवलंबन है। भगवान में ही समस्त सृष्टि अंतर्निहित है। सब कुछ उन्हीं से है और सभी कुछ उन्हीं में है। यह अद्भुत लीला भगवान ही कर सकते हैं। लेकिन उन्हीं से उत्पन्न कतिपय जीव उनका अस्तित्व नहीं मानते, क्योंकि वे अज्ञानी हैं। अज्ञान भी ज्ञान का अभाव मात्र है, इसमें विरोधाभास का स्थान नहीं। गुण है तो अवगुण भी है, प्रकाश है तभी अंधकार है, ऊष्मा है तभी शीतलता की अनुभूति है। इसलिए जो प्राणी ईश्वर को नहीं मानते, वे नासमझ बच्चे की तरह हैं। वह भक्त, जो अपने आराध्य को समर्पित भाव से ग्रहण करे, उसके लिए यह समझ बहुत सरल है। इसलिए भक्त ने पत्थर में भी भगवान के दर्शन किए। कण-कण में विराजमान ईशत्व को पहचानने वाला भक्त सर्वत्र भावमय प्रज्ञ स्वरूप से बंधा रहता है। यह प्रकृति ईश तत्व से निर्मित है, इसलिए प्रकृति के भीतर-बाहर भगवान की उपस्थिति मायातीत है। माया उनकी शक्ति का आश्रय है। सृष्टि की रचना में भगवत्तत्व आधार है, जैसे आत्मा का आधार परमात्मा है। यह मायामय भौतिकी, वस्तुतः आध्यात्मिक ऊर्जा से प्रवाहित है। ईश्वर की अनुभूति केवल तीर्थों, मूर्तियों या वेदों में ही सीमित नहीं है, बल्कि वह प्रत्येक जीव, प्रत्येक कण, प्रत्येक स्पंदन में विद्यमान है। जब मन निर्मल होता है, हृदय प्रेम और समर्पण से भर जाता है, तब ईश्वर की अनुभूति स्वतः होने लगती है। जो भक्त अपने भीतर के विकारों को त्याग कर, भावमय होकर संसार को देखता है, वह हर स्थान पर परमात्मा की उपस्थिति को अनुभव करता है। भौतिक आँखों से नहीं, बल्कि श्रद्धा की दृष्टि से ही दिव्यता का अनुभव संभव है। यही दृष्टिकोण हमें संसार को ईश्वरीय रूप में देखने का भाव देता है जो सच्चे भक्ति मार्ग की पहली सीढ़ी है।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## अपने विचार

इस बैठक से कुछ नहीं होने वाला है। मूस मोटाइ हैं तो लोढ़ा होइ हैं। जनता यह बिल्कुल नहीं चाहेगी कि बिहार में बंगाल जैसी स्थित पैदा हो। हमारे प्रदेश के लोग काफी समझदार हैं। जनता कभी बी ऐसा नहीं होने देगी।



**-गिरिराज सिंह,** केंद्रीय मंत्री

गुजरात में **AAP** की बढ़ती ताकत से बीजेपी घबराई हुई है। दुर्गेश पाठक को गुजरात का सह-प्रभारी बनाए जाने के बाद सीबीआई उनके खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची। यह राजनीति से प्रेरित और मनगढ़ंत का मामला है।



**-संजय सिंह,** नेता, आप पार्टी

राजद नेता तेजस्वी भ्रष्टाचारी और परिवारवादी विचारों का नेतृत्व कर रहे हैं। कांग्रेस कन्हैया कुमार को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है, जो भारत तेरे टुकड़े होंगे उस गैंग के सरदार हैं। दोनों को बिहार की जनता अच्छे से पहचानती है।



**-नित्यानंद राय ,** केंद्रीय राज्यमंत्री

सीबीआई रेड कोई इत्तेफाक नहीं है। ये बीजेपी की डर से निकली हुई साजिश है। **BJP** जानती है कि गुजरात में अब सिर्फ आम आदमी पार्टी ही उन्हें चुनौती दे सकती है और इस सच्चाई ने उन्हें हिला दिया है'।



**-आतिशी,** पूर्व सीएम, दिल्ली

**अपने विचार**

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार)।

# एयरपोर्ट से सीएसएमटी का सफर अब आसान

**▸▸ मुंबई मेट्रो लाइन 7A के 1.6 किमी लंबी सुरंग का निर्माण पूरा**
**▸▸ मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन, इंजीनियरिंग के चमत्कार को बताया मील का पत्थर**

दीपक पवार । मुंबई

मुंबई मेट्रो नेटवर्क के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) से अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक कनेक्टिविटी का सपना अब साकार होता दिख रहा है। मेट्रो लाइन 7A के लिए बनी 1.6 किलोमीटर लंबी भूमिगत सुरंग का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस सुरंग का उद्घाटन एक बटन दबाकर किया।

### टेक्नोलॉजी और टीमवर्क की मिसाल

टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) की मदद से बनी यह सुरंग 1 सितंबर 2023 से निर्माणाधीन थी। मशीन को सहार एलिवेटेड रोड और अन्य उपयोगिताओं के नीचे से सुरंग निकालनी थी, जो एक बड़ी चुनौती थी। इस पूरी प्रक्रिया को एमएमआरडीए ने सफलता से पूरा किया।



### एक नजर में – मेट्रो लाइन 7A:

- लंबाई: 3.5 किमी (भूमिगत हिस्सा: 1.6 किमी)
- स्टेशनों की संख्या: 2 प्रमुख स्टेशन – एयरपोर्ट कॉलोनी (अपग्रेडेड), सीएसएमआईए
- प्रगति: 59% निर्माण कार्य पूर्ण

### मुख्यमंत्री ने जताया गर्व

मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस अवसर को "इंजीनियरिंग का चमत्कार" बताते हुए कहा, "जहां एलिवेटेड और भूमिगत मेट्रो लाइनें मिलती हैं, वह तकनीकी रूप से जटिल होता है, लेकिन एमएमआरडीए ने इसे बेहतरीन ढंग से पूरा किया। यह परियोजना मुंबई की यात्रा प्रणाली को आसान बनाएगी।" उन्होंने कहा कि अगले साल तक मेट्रो का 150 किमी नेटवर्क पूरा करने का लक्ष्य है।

### चेयरमैन एकनाथ शिंदे का बयान

एमएमआरडीए चेयरमैन एवं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, "यह सुरंग केवल एक संरचना नहीं, बल्कि भविष्य के स्मार्ट मुंबई का प्रवेश द्वार है। यह परियोजना हमारी प्रतिबद्धता और मेहनत का नतीजा है, जो मुंबईकरों के जीवन को सरल बनाएगी।"



### एमएमआरडीए का विज़न

एमएमआरडीए महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने कहा, "यह मेट्रो लाइन न सिर्फ मुंबई को हवाई अड्डे से जोड़ेगी बल्कि देश-विदेश से आने वाले यात्रियों के लिए भी लाभदायक होगी। हमारी योजना है कि 337 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क एमएमआर में तैयार किया जाए।"



# 31 मई से होगा शुरू पलावा कटाई फ्लाईओवर



**▸▸ विधायक राजेश मोरे ने किया निरीक्षण, कार्य में तेजी के निर्देश**

डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली

कल्याण-शील मार्ग पर लंबे समय से प्रतीक्षित पलावा कटाई फ्लाईओवर अब 31 मई 2025 से यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। इस पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण गुरुवार को विधायक राजेश मोरे ने किया और अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सड़क विकास निगम के अधीक्षण अभियंता बारावकर, कार्यपालन अभियंता निरतीन बरोले समेत अन्य अधिकारी एवं शिवसेना पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

यह फ्लाईओवर कल्याण शील मार्ग पर यातायात की भीड़ को कम करने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। यह पुल दिवा-पनवेल रेलवे लाइन के ऊपर से गुजरता है, जिससे यात्रियों को सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा। यह काम काफी समय से चल रहा था और अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

### विधायक मोरे का बयान

राजेश मोरे ने कहा कि, "पुल का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि यह 31 मई से यातायात के लिए खोला जा सकेगा।" उन्होंने कहा कि वे और सांसद शिंदे मिलकर क्षेत्र की यातायात समस्याओं को हल करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

# भिवंडी के 3 क्षय रोगियों को 6 माह की खाद्य सामग्री भेट

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे जिले के भिवंडी में क्षय रोग (टीबी) से ग्रसित तीन मरीजों को बड़ी राहत मिली है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. ए.एस. मुंजाल की पहल पर इन मरीजों को छह महीने की खाद्य सामग्री किट भेट स्वरूप प्रदान की गई। यह सहायता निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत की गई है। डॉ. मुंजाल ने महाराष्ट्र राज्य के स्वास्थ्य सेवा आयुक्त रंगा नायक और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक से मुलाकात कर निक्षय मित्र योजना को विस्तार से समझाया। इसी क्रम में 17 अप्रैल 2025 को जिला क्षय रोग केंद्र, ठाणे के तहत तीन मरीजों को छह माह की खाद्य सामग्री प्रदान की गई। इस मौके पर राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त ने मरीजों को खाद्य किट सौंपी और अपील की कि समाज के अन्य सामाजिक रूप से सक्रिय नागरिक और संस्थाएं भी आगे आकर इस कार्यक्रम से जुड़ें।



### क्षय रोग उन्मूलन में बढ़ रही भागीदारी

'निक्षय मित्र' योजना का उद्देश्य टीबी मरीजों को न केवल दवाइयों बल्कि पोषण संबंधी सहायता भी प्रदान करना है, ताकि वे जल्द स्वस्थ हो सकें। इस तरह की सामाजिक पहलें टीबी के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# उधना और बरौनी के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना और बरौनी के बीच विशेष किराये पर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।

**उधना-बरौनी साप्ताहिक विशेष ट्रेन**

ट्रेन संख्या 09037 उधना-बरौनी स्पेशल प्रत्येक रविवार को उधना से 05.45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 15.00 बजे बरौनी जं. पहुंचेगी। यह ट्रेन 20 अप्रैल से 29 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09038 बरौनी-उधना स्पेशल प्रत्येक सोमवार को बरौनी से 18.30 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार को 04.00 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 21 अप्रैल से 30 जून 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार, अमलनेर, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना, बख्तियारपुर और मोकामा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

# पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनों के समय में परिवर्तन

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र में चलने वाली कुछ ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है। यह बदलाव 20 अप्रैल, 2025 से लागू होंगे।

**सूरत-महुवा एक्सप्रेस**

ट्रेन संख्या 19255 सूरत-महुवा एक्सप्रेस का समय परिवर्तित किया गया है। अब यह ट्रेन सूरत से 22:00 बजे के बजाय 21:30 बजे प्रस्थान करेगी और महुवा 10:05 बजे के बजाय 09:40 बजे पहुंचेगी।

**मुंबई सेंट्रल-अमृतसर गोल्डन टेंपल मेल**

ट्रेन संख्या 12903 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर गोल्डन टेंपल मेल का समय परिवर्तित किया गया है। अब इस ट्रेन का वडोदरा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 23:39/23:49 बजे के बजाय 23:34/23:44 बजे होगा।

**अहमदाबाद-एकतानगर जन शताब्दी एक्सप्रेस**

ट्रेन संख्या 20949 अहमदाबाद-एकतानगर जन शताब्दी एक्सप्रेस का समय परिवर्तित किया गया है। अब इस ट्रेन वडोदरा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 16.46/16.49 बजे के बजाय 16.43/16.46 बजे होगा। (यह ट्रेन अगले आदेश तक अस्थायी रूप से निरस्त की गई है)

**सूरत-भुसावल पैसेंजर**

ट्रेन संख्या 19007 सूरत-भुसावल पैसेंजर का समय परिवर्तित किया गया है। अब यह ट्रेन सूरत से 17:10 बजे के बजाय



17.00 बजे प्रस्थान करेगी। (यह ट्रेन वर्तमान में अगले आदेश तक सूरत के बजाय उधना से प्रस्थान करती है)

**सूरत-नंदुरबार मेमू**

ट्रेन संख्या 69169 सूरत-नंदुरबार मेमू का समय परिवर्तित किया गया है। अब यह ट्रेन सूरत से 18.15 बजे के बजाय 18.10 बजे प्रस्थान करेगी। (यह ट्रेन वर्तमान में अगले आदेश तक सूरत के बजाय उधना से प्रस्थान करती है)

**अहमदाबाद-प्रयागराज एक्सप्रेस**

ट्रेन संख्या 22967 अहमदाबाद-प्रयागराज एक्सप्रेस का समय परिवर्तित किया गया है। अब इस ट्रेन का नंदुरबार स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 22.45/22.50 बजे के बजाय 22.50/22.55 बजे होगा।

**उधना-बनारस एक्सप्रेस**

ट्रेन संख्या 20929 उधना-बनारस एक्सप्रेस का समय परिवर्तित किया गया है। अब इस ट्रेन का नंदुरबार स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 22.45/22.50 बजे के बजाय 22.50/22.55 बजे होगा।

# रविवार को पश्चिम रेलवे पर दिवसकालीन ब्लॉक नहीं




मुंबई। रेलपथ, सिगनलिंग और ओवरहेड उपकरणों के रख-रखाव हेतु शुक्रवार/शनिवार की मध्यरात्रि अर्थात 18/19 अप्रैल, 2025 की मध्यरात्रि को वसई रोड और वैतरणा स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन फास्ट लाइनों पर तीन घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अप फास्ट लाइन पर ब्लॉक 23.50 बजे से 02.50 बजे तक लिया जाएगा, जबकि डाउन फास्ट लाइन पर यह ब्लॉक 01.30 बजे से 04.30 बजे तक रहेगा। ब्लॉक के कारण ट्रेन संख्या 19101 विरार-भरूच मेमू 10 मिनट की देरी से चलेगी और इसलिए अपने निर्धारित प्रस्थान 04:35 बजे के बजाय 04:45 बजे विरार से प्रस्थान करेगी।

# शिवछत्रपति क्रीड़ा पुरस्कार वितरण समारोह आज

**• ठाणे जिले के 12 खिलाड़ियों और कोच का चयन**
**• 18 अप्रैल को पुणे में होगा कार्यक्रम**

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को दिए जाने वाले प्रतिष्ठित शिवछत्रपति राज्य खेल पुरस्कार का वितरण समारोह 18 अप्रैल को सुबह 11 बजे पुणे के बालेवाड़ी स्थित शिवछत्रपति खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्यपाल सी.पी. डॉ. राधाकृष्णन की विशेष उपस्थिति रहेगी।



### विशिष्ट अतिथि करेंगे सम्मानित

इस समारोह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल, शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल, खेल मंत्री दत्तात्रेय भरणे, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. नीलम गोन्हे, अन्ना बनसोडे, राज्यमंत्री माधुरी मिसाल सहित कई गणमान्य मौजूद रहेंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल दिग्गीकर और खेल आयुक्त हीरालाल सोनवणे के साथ-साथ ठाणे जिला खेल अधिकारी सुवर्णा बारटक्के ने बताया कि यह आयोजन राज्य के खेल क्षेत्र को नई प्रेरणा देगा।

### ठाणे जिले से 12 खिलाड़ियों और कोच का चयन

2022-23 और 2023-24 के लिए संशोधित नियमों के तहत ठाणे जिले से कुल 12 खिलाड़ियों और खेल गाइड का चयन किया गया है। इनमें प्रमुख नाम हैं पवन मुकुंद भोईर – उत्कृष्ट खेल मार्गदर्शक (जिमनास्टिक), रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल – निशानेबाजी, अपूर्वा महेश पाटिल – जूडो और धर्मेंद्र कुमार यादव – वेटलिफ्टिंग/पावरलिफ्टिंग!

### पवन भोईर को द्रोणाचार्य, राही पाखले और आदर्श भोईर को मिला शिव छत्रपति पुरस्कार

डोंबिवली। खेल क्षेत्र में डोंबिवली का परचम एक बार फिर ऊंचा हुआ है। भोईर जिमखाना के संस्थापक पवन मुकुंद भोईर को जिम्नास्टिक (ट्रैम्पोलिन) में उत्कृष्ट कोचिंग के लिए महाराष्ट्र सरकार का प्रतिष्ठित 'द्रोणाचार्य पुरस्कार', जबकि युवा एथलीट राही नितिन पाखले और आदर्श अनिल भोईर को 'शिव छत्रपति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है।

### यह मेरे डोंबिवलीकरों का गौरव है : रविंद्र चव्हाण

इस गौरवशाली मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने पवन भोईर के घर पहुंचकर उन्हें और दोनों युवा खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, श्यह मेरे डोंबिवलीकरों के लिए गर्व का क्षण है। डोंबिवली की प्रतिभा ने एक बार फिर राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। भोईर जिमखाना की यह यात्रा अभूतपूर्व रही है। मुझे आज स्वर्गीय सुरेंद्र वाजपेयी सर की याद आ रही है, जिन्होंने डोंबिवली के खेल क्षेत्र को दिशा दी थी। आज उनका लगाया पौधा एक वटवृक्ष बन गया है।

# तीसरे दिन भी 394 अनाधिकृत बैनर और होर्डिंग्स हटाए गए



डीबीडी संवाददाता । ठाणे

मनपा क्षेत्र में अनधिकृत बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स के खिलाफ चलाया जा रहा विशेष अभियान गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान शहर भर में कुल 394 अवैध बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स हटाए गए। यह कार्रवाई ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव के स्पष्ट निर्देशों के तहत की जा रही है। अधिकारी बताते हैं कि अनधिकृत विज्ञापन सामग्रियां न केवल शहर की सौंदर्यता को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि तेज हवा में गिरने से हादसों की आशंका भी बनी रहती है। इसे देखते हुए यह विशेष अभियान शुरू किया गया है।

कार्रवाई में शामिल रहे अधिकारी और कर्मचारी

इस कार्रवाई में अतिक्रमण विभाग के उपायुक्त शंकर पटोले, सभी प्रभाग समितियों के सहायक आयुक्त और अतिक्रमण विभाग के कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**प्रभाग समिति वार कार्रवाई का विवरण**

| | |
|---|---|
| नौपाडा कोपरी प्रभाग समिति | 40 |
| वागले एस्टेट प्रभाग समिति | 38 |
| लोकमान्य सावरकरनगर प्रभाग समिति | 57 |
| वर्तकनगर प्रभाग समिति | 52 |
| मजीवाडा मानपाडा प्रभाग समिति | 22 |
| उथलसर प्रभाग समिति | 19 |
| कलवा प्रभाग समिति | 64 |
| मुंब्रा प्रभाग समिति | 10 |
| दिवा प्रभाग समिति | 92 |

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** – दूसरों के काम में कमियाँ न निकालें। आप निर्णय लेने में थोड़ी बहुत चूक कर सकते हैं। परिवार के लोगों से अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। पति-पत्नी के बीच सम्बन्धों में दबाव महसूस होगा। समय रहते हुये मामलों को सुलझा लें।

**वृषभ** – कारोबारियों के लिये दिन बहुत शुभ है। नौकरीपेशा लोगों को आधिकारिक यात्रा करनी पड़ सकती है। समाज में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन में सुधार होगा। कम समय में उच्चतम गुणवत्ता का काम करेंगे।

**मिथुन** – मित्रों के स्वभाव में आया अचानक बदलाव आपको दुखी करेगा। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। परिवार की इच्छाओं के लिये आपको त्याग करना पड़ सकता है। अत्यधिक काम के कारण आपको आराम नहीं मिलेगा।

**कर्क** – व्यवसाय में कुछ धीमेपन के बाद अच्छी गति रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। शेयर मार्केट में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत अच्छा है।

**सिंह** – आय के नये स्रोत बन सकते हैं। अवसरों का लाभ उठाने में चूक न करें। परिजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का परिचय देंगे। पैतृक व्यवसाय में तेजी आयेगी।

**कन्या** – छोटी-छोटी बातों पर विचलित होने से बचें। युवा प्रेम सम्बन्धों को लेकर सावधान रहें। माता-पिता की अवहेलना न करें। बनते कार्यों में रुकावटे आने की आशंका है। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं।

**तुला** – नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। आज आपका मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। अपनी दिनचर्या को सन्तुलित रखें।

**वृश्चिक** – पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। व्यापारिक गतिविधियाँ शानदार रहेंगी। घर के सभी सदस्य आपके ऊपर काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। उच्च अधिकारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**धनु** – सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से बड़ा धन लाभ होगा। घर में निकट सम्बन्धी और रिश्तेदार आ सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण अनुबन्ध होने के योग बन रहे हैं। दिल की बजाय दिमाग से काम लें।

**मकर** – नयी नौकरी की शुरुआत करने के लिये दिन अच्छा है। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वंदिता के कारण परेशानी होगी। व्यर्थ की गतिविधियों में धन खर्च न करें। पढ़ाई में थोड़ी परेशानी होगी।

**कुंभ** – व्यवसाय में बड़ी डील को लेकर परेशानी हो सकती है। जॉब में आपका मन नहीं लगेगा। निजी मामलों को लेकर बाहरी लोगों से सलाह न लें। योग और व्यायाम करने से आप स्वस्थ रहेंगे।

**मीन** – अविवाहित लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यवसाय को लेकर बड़ा निर्णय ले सकते हैं। परिजनों के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

# चंद्र-मंगल युति का विस्तृत विश्लेषण

ज्योतिष में चंद्रमा और मंगल की युति को एक शक्तिशाली संयोग माना जाता है। चंद्रमा मन और भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि मंगल ऊर्जा, क्रोध, साहस और संघर्ष का प्रतीक है। जब ये दोनों ग्रह किसी व्यक्ति की कुंडली में एक ही राशि या भाव में स्थित होते हैं, तो यह व्यक्ति के स्वभाव, मानसिक स्थिति, करियर और जीवन के अन्य पहलुओं पर गहरा प्रभाव डालता है।

चंद्र-मंगल युति के प्रभाव

1. मानसिक और भावनात्मक प्रभाव

यह युति व्यक्ति को भावनात्मक रूप से मजबूत और आवेगशील बनाती है। व्यक्ति को कभी-कभी बिना कारण गुस्सा आ सकता है, लेकिन यह गुस्सा जल्दी शांत भी हो जाता है।

ऐसे व्यक्ति अक्सर भावुक होते हैं लेकिन अपने विचारों को दृढ़ता से रखते हैं। यदि यह युति अशुभ हो तो मानसिक तनाव, चिड़चिड़ापन और भावनात्मक अस्थिरता पैदा कर सकती है।

2. स्वभाव और व्यक्तित्व

व्यक्ति बहुत आत्मविश्वासी, साहसी और संघर्षशील होता है।






प्रियंका जैन
9769994439

वह जल्दी निर्णय लेने वाला होता है, लेकिन कभी-कभी जल्दबाजी में गलत निर्णय भी ले सकता है।

नेतृत्व क्षमता अधिक होती है, जिससे ये लोग सेना, पुलिस, राजनीति या खेलों में अच्छा कर सकते हैं।

कभी-कभी यह युति व्यक्ति को अहंकारी और हठी भी बना सकती है।

3. करियर और धन पर प्रभाव

यह युति व्यक्ति को ऊर्जा से भरपूर और मेहनती बनाती है, जिससे वह अपने करियर में सफलता पा सकता है। ऐसे लोग व्यवसाय, खेल, सेना, पुलिस, चिकित्सा, इंजीनियरिंग और राजनीति में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। यदि युति शुभ हो, तो व्यक्ति को धन, संपत्ति और प्रसिद्धि मिलती है।

यदि अशुभ हो, तो व्यक्ति को धन हानि, कर्ज और संघर्षों का सामना करना पड़ सकता है।

4. वैवाहिक जीवन और रिश्तों पर प्रभाव

चंद्र-मंगल युति व्यक्ति को जोशीला और प्रेमपूर्ण बनाती है, लेकिन यह जोश कभी-कभी रिश्तों में समस्याएं भी पैदा कर सकता है।

अगर यह युति अशुभ हो तो व्यक्ति को वैवाहिक जीवन में संघर्ष, गुस्सा और गलतफहमियों का सामना करना पड़ सकता है। मंगल की ऊर्जा व्यक्ति को संवेदनशील और अधिकार जताने वाला बना सकती है, जिससे रिश्तों में टकराव हो सकता है। चंद्र-मंगल युति का विभिन्न भावों में प्रभाव

1. प्रथम भाव (लग्न भाव)

व्यक्ति ऊर्जावान, साहसी, निडर और आत्मविश्वासी होता है। जल्दी गुस्सा आ सकता है लेकिन मेहनती होता है। यदि अशुभ हो तो अहंकार और गुस्से के कारण समस्याएं हो सकती हैं।

2. चतुर्थ भाव (सुख भाव)

पारिवारिक जीवन में कुछ तनाव रह सकता है। माँ के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। घर-परिवार में कभी-कभी विवाद हो सकता है।

3. सप्तम भाव (वैवाहिक जीवन)

दांपत्य जीवन में तनाव, झगड़े और गलतफहमियां हो सकती हैं। यदि यह युति शुभ हो, तो पति-पत्नी के बीच गहरा प्रेम और आकर्षण रहेगा।मंगल की ऊर्जा व्यक्ति को अपने रिश्ते में थोड़ा अधिकार जताने वाला बना सकती है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कर अधीक्षक मुन्ना लाल राम निलंबित

**वाराणसी।** वाराणसी नगर निगम में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर संपत्ति का नामांतरण कराने के गंभीर मामले में शासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार को तत्कालीन कर अधीक्षक मुन्ना लाल राम को निलंबित कर दिया है। दोषी पाए जाने के बाद नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए शासन को निलंबन की संस्तुति भेजी थी। साथ ही अग्रिम आदेश तक उनका वेतन भी रोकने का निर्देश जारी था।

### आगामी 29 अप्रैल को स्थापना के 538वें वर्ष में प्रवेश करेगा बीकानेर

**बीकानेर।** बीकानेर नगर 29 अप्रैल को अपनी स्थापना के 538वें वर्ष में प्रवेश करेगा। उल्लेखनीय है कि राव जोधा के पुत्र राव बीका ने विक्रम संवत् 1545 मिति वैसाख सुदी 2 शनिवार को श्रीकरणी माता के आशीर्वाद के साथ बीकानेर नगर की स्थापना की थी। इस 537 वर्षों की अवधि में नगर ने विभिन्न क्षेत्रों में आशातीत प्रगति की है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**बिजनौर।** चांदपुर में बर्फ लेने गए 16 वर्षीय युवक शिवम की करंट लगने से मौत हो गई । शिवम के परिजनों ने किसी प्रकार की कार्रवाई से इनकार किया है। थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि परिजनों द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है। थाना प्रभारी के मुताबिक, मोहल्ला सराय रफी निवासी राकेश सैनी का पुत्र शिवम बर्फ फैक्ट्री से बर्फ लेने गया था जहां उसकी करंट लगने से मौत हो गई । शिवम को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों से उसे मृत घोषित कर दिया । शिवम की मौत की पुष्टि होने पर परिवार में कोहराम मच गया। शिवम की बहन काजल ने बताया कि वह सवेरे बर्फ लेने के लिए फैक्ट्री में रोज जाता था । आज भी गया था, जहां वह करंट की चपेट में आ गया।

### नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**दौसा।** दौसा में इनकम टैक्स ऑफिस के सामने गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओढ़ के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। जहां नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा दायर चार्जशीट का विरोध जताया। जहां कांग्रेस नेताओं के खिलाफ ईडी का दुरुपयोग का आरोप लगाया।

### कैरो में आवास निर्माण योजना की समीक्षा बैठक

**लोहरदगा।** कैरो प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को आवास निर्माण योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी (B.D.O.) छंदा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पीएम आवास और अबुआ आवास योजना की पंचायतवार समीक्षा की गई। बीडीओ ने आवास निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले लाभुकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि लाभुक समय पर आवास निर्माण नहीं करते हैं, तो उनसे राशि की वसूली की जाएगी। बीडीओ ने कर्मियों को निर्देश दिया कि आवास निर्माण के काम के लिए मनरेगा के तहत भुगतान किया जाए और इस प्रक्रिया में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि अगर लाभुक राशि लेकर आवास निर्माण में रुचि नहीं दिखा रहे हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उनके द्वारा ली गई राशि की वसूली की जाएगी।

# 1246 संस्कृत विद्यालयों में बड़ा संकट

## 1368 शिक्षकों के संविदा खत्म होने से स्थिति गंभीर

**एजेंसी । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों के लिए नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ एक बड़ा संकट सामने आ गया है। प्रदेश के 1246 संस्कृत विद्यालयों में 1368 अस्थाई शिक्षकों की संविदा 31 मार्च 2025 को समाप्त हो गई है। इन शिक्षकों की नियुक्ति दो साल की संविदा पर हुई थी, और अभी तक संविदा नवीनीकरण का कोई आदेश नहीं आया है। इसके चलते, शिक्षकों को यह चिंता सता रही है कि उन्हें इस महीने का मानदेय मिलेगा या नहीं। वहीं, विद्यालयों के प्रधानाचार्य भी परेशान हैं कि यदि संविदा न बढ़ाई गई, तो छात्रों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों की व्यवस्था कैसे होगी?



### संविदा पर भर्ती और नवीनीकरण की स्थिति

उत्तर प्रदेश में 1246 संस्कृत विद्यालय हैं, जिनमें से 973 सहायता प्राप्त और 271 निजी विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए 2021 में शासन ने अस्थाई शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। पहले चरण में 518 और दूसरे चरण में 850 शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी, जिनकी संविदा की अवधि 31 मार्च को समाप्त हो गई। अब तक इन शिक्षकों के संविदा नवीनीकरण का आदेश नहीं आया है, जिससे स्कूलों में शिक्षण कार्य प्रभावित होने की संभावना है।

### शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की परेशानियां

शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार मिश्रा के अनुसार, शिक्षकों की संविदा दो साल के लिए होती है, और यह स्थिति अधिकारियों की जानकारी में है, फिर भी नवीनीकरण का आदेश समय पर नहीं जारी किया गया। कई प्रधानाचार्य ने आदेश के इंतजार में शिक्षकों को पढ़ाने से रोक दिया है, जबकि कुछ प्रधानाचार्यों ने अनुमति पत्र पर शिक्षकों से पढ़ाने की अनुमति ली है। यदि आदेश नहीं आया, तो शिक्षकों के मानदेय पर भी संकट उत्पन्न हो सकता है।

### आगे की स्थिति और संकट

संविदा शिक्षकों का नवीनीकरण लटकने के कारण स्कूलों को प्रशासन से शीघ्र आदेश की उम्मीद है। शिक्षक नेता डॉ. आरपी मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश शिक्षक चयन आयोग ने भर्ती प्रक्रिया शुरू की है, और यदि जून में माध्यमिक विद्यालयों की भर्ती प्रक्रिया होती है, तो इन विद्यालयों में तैनात संविदा शिक्षकों का नवीनीकरण भी प्रभावित हो सकता है।

# यूपी में नई हाईटेक टाउनशिप नीति लागू



## मेंटेनेंस चार्ज और संपत्ति कर में बढ़ोतरी

**एजेंसी । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार ने हाईटेक टाउनशिप नीति में बदलाव कर स्थानीय निकायों को इन क्षेत्रों में संपत्ति कर (गृह कर, जल कर, सीवरेज कर आदि) लगाने का अधिकार दे दिया है। इस फैसले से गाजियाबाद, लखनऊ, मथुरा, बुलंदशहर, और प्रयागराज जैसे शहरों में चल रही टाउनशिप परियोजनाएं प्रभावित होंगी। अब इन टाउनशिप के निवासी अपनी संपत्ति पर अधिक कर और मेंटेनेंस शुल्क देंगे।

### नई व्यवस्था का विवरण

पहले, हाईटेक टाउनशिप नीति के तहत कर वसूली पर रोक थी, लेकिन अब संशोधन के बाद स्थानीय निकाय इन क्षेत्रों में संपत्ति कर वसूल सकेंगे। यह व्यवस्था टाउनशिप परियोजना की पहली निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद लागू होगी। इस नीति के तहत, अगर स्थानीय निकाय कर वसूलते हैं, तो सड़क, पानी और सीवरेज जैसी अवसंरचना सुविधाओं का रखरखाव भी उनका दायित्व होगा। अगर डेवलपर सुविधाओं को पूरा नहीं करता, तो उसे इन्हें निर्धारित समय में पूरा करना होगा, नहीं तो प्राधिकरण बंधक भूमि बेचकर विकास कार्य पूरा करवा सकता है।

### प्रभावित परियोजनाएं

उत्तर प्रदेश में सात हाईटेक टाउनशिप और 40 इंटीग्रेटेड टाउनशिप परियोजनाएं कार्यरत हैं, जिन पर इस नीति का असर पड़ेगा। यह निर्णय शहरी विकास और निजी पूंजी निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### निवासियों पर असर

इस नीति के लागू होने से टाउनशिप में रहने वाले निवासियों को संपत्ति कर का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ सकता है, लेकिन बदले में उन्हें स्थानीय निकायों द्वारा बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। जिन क्षेत्रों में डेवलपर रखरखाव करेगा, वहां निवासियों को मेंटेनेंस शुल्क देना जारी रखना होगा।

# जमात-उल-मुजाहिदीन की दस्तक, पुलिस हुई सक्रिय

## बांग्लादेशी अलगाववादियों की गतिविधियों पर नजर

**एजेंसी । भागलपुर**

पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में हो रही हिंसा के बीच बांग्लादेशी अलगाववादी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन के भागलपुर में प्रवेश करने की सूचना सामने आई है। इस पर पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाई है। रेंज आईजी विवेक कुमार ने भागलपुर, बांका और नवगछिया एसपी को एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया है ताकि विधि-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने से बचाई जा सके।



### दो जत्थों में बंटे अलगाववादी

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, फरक्का एक्सप्रेस से करीब दो दर्जन अलगाववादी बांग्लादेशी सदस्य भागलपुर पहुंचे थे। ये लोग नाथनगर के चंपा नदी क्षेत्र में एक बैठक के बाद दो समूहों में बंटकर बांका और अमरपुर की ओर रवाना हो गए। पुलिस की विशेष शाखा ने इनकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए गांवों और धार्मिक स्थलों के आसपास जांच की।

# काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस ट्रेन पलटने की साजिश में चार संदिग्ध की हुई पहचान, होगी पूछताछ




**लखनऊ।** लखनऊ-मुरादाबाद रेल मार्ग के रहीमाबाद क्षेत्र में काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस ट्रेन को पलटने की साजिश रची गई थी। रेलवे ट्रैक के किलोमीटर खंभा नंबर 1109 और 9/11 के पास दोनों पटरियों के बीच ढाई फीट लंबा और छह इंच मोटा सूखा लकड़ी का तना और आम के पेड़ की डालियां रखी गई थीं। वाराणसी से दिल्ली जा रही ट्रेन रात 2:15 बजे इस स्थान से गुजरते हुए इंजन से टकराई, जिसके बाद लोको पायलट ने ट्रेन को रोका और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इसके बाद रेलवे और रहीमाबाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने जांच में चार संदिग्धों की पहचान की है, जिनकी तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। एसीपी मलिहाबाद रिषभ यादव ने बताया कि तीन टीमों को संभावित स्थानों पर भेजा गया है। इसके साथ ही, पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि संदिग्धों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त की जा सके।

# पंजाब सरकार के सीनियर अफसर को बिहार में करना होगा सरेंडर

## न्यायालय ने खारिज की छूट की अर्जी, जारी किया वारंट

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण के तत्कालीन डीएम दीलीप कुमार की ओर से व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देने के लिए दाखिल दप्रस की धारा 205 के आवेदन को न्यायालय ने खारिज कर दिया है। न्यायाधीश ने उन्हें न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी शशांक शेखर ने अभियुक्त दिलीप कुमार की गिरफ्तारी के लिए जमानतीय वारंट भी निर्गत कर दिया है। न्यायाधीश ने अभियुक्त की तरफ से लगातार आवेदन दिए जाने पर नाराजगी व्यक्ति की है। न्यायाधीश ने वाद की सुनवाई की अगली तिथि 6 मई 25 सुनिश्चित को की है।

### अभी पंजाब में अपनी सेवाएं दे रहे दिलीप कुमार



बताते चलें परिवाद संख्या -2260/2008 में अभियुक्त बने बेतिया के तत्कालीन डीएम दिलीप कुमार वर्तमान में पंजाब राज्य में सरकार के एनआरआई विभाग में प्रधान सचिव हैं। उनके विरुद्ध व्यवहार न्यायालय बेतिया के अधिवक्ता ब्रजराज श्रीवास्तव ने वर्ष 2008 में परिवाद दायर किया था। न्यायालय ने परिवाद की जांच करने के बाद उनके खिलाफ कई धाराओं में संज्ञान लिया था। न्यायाधीश ने अभियुक्त को न्यायालय में उपस्थिति के लिए सम्मन निर्गत किया था। बावजूद अभियुक्त न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। परिवाद में अभियुक्त बने दिलीप कुमार ने न्यायालय में 20 सितंबर .2024 को धारा 205 के अन्तर्गत एक आवेदन देते हुए व्यक्तिगत उपस्थिति से मुक्ति तथा अधिवक्ता वाद में पैरवी करने की सुविधा प्रदान करने की गुहार लगाई थी।

### क्या है पूरा मामला?

गौरतलब हो कि मुकदमे में अधिवक्ता ब्रजराज श्रीवास्तव ने तत्कालीन डीएम दिलीप कुमार ने करनेमेया महावीरी झंडा में विवाद के समाधान के लिए वर्ष 2008 में तत्कालीन जिलाधिकारी दिलीप कुमार द्वारा शांति समिति की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें अधिवक्ता मंच बिहार प्रदेश के मंत्री एवं व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता ब्रजराज श्रीवास्तव और योग भारती के राष्ट्रीय निदेशक विजय कश्यप भी आमंत्रित थे। उस बैठक में वाद में अभियुक्त बने तत्कालीन डीएम दिलीप कुमार ने एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने को कहा। इसपर वादी और विजय कश्यप ने समझौते पत्र में कुछ सुधार करने को कहा। जिस पर तत्कालीन जिलाधिकारी नाराज हो गए। दोनों को बैठक से निकल कर दूसरे रूम में बैठने को कहा। बैठक समाप्त होने पर जिलाधिकारी सादे लिबास में कुछ लोगों के साथ वहां आए और दोनों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

## व्यापार जगत

भ्रामक विज्ञापनों पर सख्ती

# सीसीपीए ने कोचिंग सेंटरों को भेजा नोटिस, 77.60 लाख का जुर्माना

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) ने भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं को लेकर देश के कई कोचिंग संस्थानों पर शिकंजा कसा है। उपभोक्ता मामले मंत्रालय के अनुसार, CCPA ने IIT-JEE और NEET की तैयारी कराने वाले कुछ कोचिंग सेंटरों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 और भ्रामक विज्ञापन रोकथाम दिशा-निर्देश 2024 का उल्लंघन करने पर नोटिस जारी किया है।

### 24 संस्थानों पर 77.60 लाख जुर्माना



CCPA ने कुल 49 नोटिस जारी करते हुए 24 कोचिंग संस्थानों पर 77 .60 लाख का जुर्माना लगाया है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि वे भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाएं तुरंत बंद करें।

### पहले भी हुई है कार्रवाई

मंत्रालय के मुताबिक, CCPA पहले भी UPSC CSE, RBI, NABARD, IIT-JEE, NEET आदि की तैयारी कराने वाले संस्थानों पर कार्रवाई कर चुका है। इससे उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले विज्ञापनों के खिलाफ सरकार की 'ज़ीरो टॉलरेंस नीति' की पुष्टि होती है।

# हीरो मोटोकॉर्प के 4 संयंत्रों में 17-19 अप्रैल तक नहीं होगा उत्पादन



**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरा मोटोकॉर्प लिमिटेड आपूर्ति में संतुलन बनाए रखने के लिए अपने चार संयंत्रों में 17 से 19 अप्रैल तक उत्पादन रोकेगी। कंपनी इस दौरान चारों संयंत्रों में रखरखाव गतिविधियों को भी अंजाम देगी। कंपनी ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के चार संयंत्रों धारूहेड़ा, गुरुग्राम, हरिद्वार और नीमराणा में 17 से 19 अप्रैल तक उत्पादन अस्थायी रूप से बंद रहेगा। इन संयंत्रों में 21 अप्रैल को परिचालन फिर से शुरू होगा, जबकि तिरुपति और हलोल संयंत्रों में उत्पादन जारी रहेगा। इस दौरान परिचालन को और मजबूत करने के लिए रखरखाव और सुविधा संवर्द्धन की दिशा में काम किया जाएगा। कंपनी ने आश्वासन दिया है कि इस रोक से खुदरा मांग पर कोई असर नहीं पड़ेगा और किसी भी स्थगित उत्पादन को अगले महीने पूरा कर लिया जाएगा।

# फिच ने घटाया भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान, अब 6.4 फीसदी

## वैश्विक व्यापार युद्ध और अनिश्चितता के चलते लिया फैसला

**एजेंसी । नई दिल्ली**



ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। पहले यह अनुमान 6.5 फीसदी था। फिच ने यह कदम वैश्विक व्यापार युद्ध और अमेरिकी नीतिगत अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए उठाया है।

### व्यापार युद्ध से प्रभावित वैश्विक माहौल

फिच ने गुरुवार को जारी अपने तिमाही वैश्विक आर्थिक परिदृश्य (GEO) में कहा कि अमेरिकी व्यापार नीति को लेकर भरोसे की कमी और शुल्कों में बढ़ोतरी से व्यापार निवेश की संभावनाएं प्रभावित हुई हैं। शेयर बाजारों की गिरावट और संभावित जवाबी कार्रवाइयों से अमेरिकी निर्यातकों पर भी दबाव बन सकता है।

### भारत और वैश्विक अनुमान दोनों घटे

फिच ने भारत के अलावा वैश्विक विकास दर को भी संशोधित किया है। एजेंसी का अनुमान है कि 2025 में वैश्विक विकास दर 2% से नीचे रहेगी, जो कोविड महामारी के बाद सबसे कमजोर प्रदर्शन होगा।

# सेंसेक्स में 1509 अंक चढ़कर 78,553 पर बंद

## निफ्टी 414 अंक ऊपर 23,852 पर पहुंचा

## बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में सबसे ज्यादा खरीदारी

**मुंबई।** शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट के बाद बड़ी तेजी रही। सेंसेक्स 1509 अंक (1.96%) चढ़कर 78,553 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 414 अंक (1.77%) की तेजी रही, ये 23,852 के स्तर पर बंद हुआ। सुबह सेंसेक्स में करीब 350 अंकों की गिरावट थी। यानी, निचले स्तर से सेंसेक्स करीब 1900 अंक संभला। वहीं, निफ्टी करीब 140 अंक नीचे था। ये निचले स्तर से करीब 550 अंक संभला। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी रही। जोमैटो 4.37%, ICICI बैंक 3.68%, एयरटेल 3.63%, सनफार्मा 3.50% और SBI 3.28% ऊपर बंद हुए।



### बाजार में तेजी की 3 वजह

यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प की 90 दिनों की अस्थायी टैरिफ राहत से भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (BTA) की चर्चाओं को गति मिलने की उम्मीद है। भारत के विपरीत चीन को अमेरिका की तरफ से टैरिफ में छूट नहीं दी गई है। इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स को शॉर्ट टर्म में कॉम्पिटिटिव एडवांटेज मिल सकता है। विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में खरीदारी कर रहे हैं। 16 अप्रैल को उन्होंने 3,936 करोड़ के शेयर खरीदे। हालांकि, घरेलू निवेशकों ने 2,512 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

# जनवरी-मार्च तिमाही में इंफोसिस का मुनाफा 12% कम हुआ

## 7,033 करोड़ रहा, रेवेन्यू 8% बढ़कर 40,925 करोड़ हुआ

## 22 प्रति शेयर डिविडेंट देगी कंपनी

**मुंबई।** दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी IT सर्विस ब्रांड इंफोसिस को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 7,033 करोड़ रुपए का मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर इसमें 11.75 % की कमी आई है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 7,969 करोड़ रुपए का प्रॉफिट हुआ था। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी ने 40,925 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया।

### 22 रुपए प्रति शेयर डिविडेंट देगी इंफोसिस



नतीजों के साथ इंफोसिस ने प्रति शेयर 22 रुपए लाभांश यानी डिविडेंड देने का भी ऐलान किया है। कंपनियां अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा अपने शेयरधारकों के देती हैं, इसे डिविडेंड या लाभांश कहा जाता है। तिमाही नतीजों से पहले इंफोसिस का शेयर आज गुरुवार (17 अप्रैल) को 1.03% की तेजी के बाद 1,427 .70 के स्तर पर बंद हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### घई ने 62 का कार्ड खेल चार शॉट की बढ़त हासिल की

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम के गोल्फर तपेंद्र घई ने एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के कैलेंस ओपन के तीसरे दौर में आठ अंडर 62 का कार्ड खेलकर चार शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। घई (64-67-62) ने गुरुवार को दिन का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर 17 अंडर 193 हो गया। वह बीती रात संयुक्त चौथे स्थान पर थे लेकिन तीसरे दौर के शानदार कार्ड से तीन स्थान का पायदान चढ़ने में सफल रहे। 29 साल के गोल्फर ने 2018 में अपना एकमात्र खिताब जीता था। दिल्ली के हनी बसोया, लुधियाना के पुखराज सिंह गिल और चंडीगढ़ के युवराज संधू 13 अंडर 197 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### बोपन्ना-शेल्टन का सफर क्वार्टर फाइनल में थमा

**म्यूनिख।** रोहन बोपन्ना और अमेरिका के उनके जोड़ीदार बेन शेल्टन का सफर बवेरियन इंटरनेशनल टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में थम गया। बोपन्ना-शेल्टन को गुरुवार को बेल्जियम के सेंडर गेल और पोलैंड के जान जिलिंस्की के हाथों 4-6, 5-7 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। बोपन्ना की हार के साथ टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती खत्म हो गई। युकी भांबरी पहले ही दौर में अमेरिका के अपने जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे के साथ हारकर बाहर हो गए थे। उधर, रामकुमार रामनाथन भी दक्षिण अफ्रीका में बुसान ओपन के अंतिम-8 में हार गए। रामकुमार और चीन के उनके जोड़ीदार वांग आरोन को जापान के यूटा शिमिजु और रियो नोगुची से 3-6, 5-7 से हार मिली।

### अविनाश साबले डायमंड लीग में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट अविनाश साबले 3000 मीटर स्टीपलचेस में इस सीजन की पहली डायमंड लीग में हिस्सा लेने जा रहे हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 26 अप्रैल को चीन के शियामेन में आयोजित की जाएगी। इसमें उनके सामने चुनौती पेश करेंगे मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन मोरक्को के सूफियाने अल बक्काली और कीनिया के अब्राहम किबिवोत, जिन्होंने 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में साबले को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। 30 वर्षीय साबले पिछले साल सितंबर में डायमंड लीग फाइनल में नौवें स्थान पर रहे थे, जहां उन्होंने 8:17.09 मिनट का समय निकाला था। अब वह एक बार फिर से अपनी रफ्तार दिखाने के लिए तैयार हैं।

### डब्लूएमपीएल में रत्नागिरी जेट्स की आइकन मंधाना



**पुणे।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को गुरुवार को रत्नागिरी जेट्स का आइकन खिलाड़ी नामित किया गया। यह टीम महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग (डब्लूएमपीएल) में खेलेगी। डब्लूएमपीएल का पहला टूर्नामेंट पिछले साल जून में खेला जाना था। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के भारत दौरे के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। बाद में इसके आयोजन के लिए सही तारीख नहीं मिल पाई थी। रत्नागिरी जेट्स ने लगातार दो साल तक महाराष्ट्र प्रीमियर लीग का पुरुष टूर्नामेंट जीता है। मंधाना ने कहा, फ्रेंचाइजी ने एमपीएल में सफलता और महिलाओं के खेल के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण दिखाया है। मैं इस सफर को नए मुकाम पर पहुंचाने को लेकर उत्साहित हूं।

# बेंगलुरु को ढूंढनी होगी स्पिन जाल की काट

▶▶ घर में पहली जीत की तलाश में पंजाब से टकराएगी आरसीबी

▶▶ चाहल की फिरकी से पार पाना नहीं होगा आसान

**एजेंसी । बेंगलुरु**

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 के मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को अगर अपने घरेलू मैदान पर पहली जीत दर्ज करनी है, तो उसे स्पिनरों के खिलाफ अपनी कमजोरी से पार पाना होगा। शुक्रवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले इस मुकाबले में आरसीबी के बल्लेबाजों की असली परीक्षा युजवेंद्र चाहल और ग्लेन मैक्सवेल के सामने होगी।

#### चाहल और मैक्सवेल की रणनीति

- चाहल को उनकी लंबाई और सटीक लेंथ के लिए जाना जाता है। वह ऑफ स्टंप के बाहर गेंद फेंककर बल्लेबाजों को बड़े शॉट्स के लिए उकसाते हैं और अपनी गति में बदलाव से भ्रमित करते हैं। वहीं मैक्सवेल टर्न से ज्यादा नियंत्रण पर भरोसा करते हैं, जो धीमी पिचों पर और भी खतरनाक हो सकता है।

#### स्पिन के सामने RCB की मुश्किलें

बेंगलुरु की टीम इस सीजन में धीमी पिचों पर संघर्ष करती दिखी है। गुजरात के साई किशोर और दिल्ली के कुलदीप यादव व विपराज की स्पिन तिकड़ी ने उसे खासा परेशान किया। अब पूर्व आरसीबी खिलाड़ी युजवेंद्र चाहल और ग्लेन मैक्सवेल इसी कमजोरी को भुनाने की कोशिश करेंगे। चाहल ने कोलकाता के खिलाफ चार विकेट लेकर लय में वापसी की है, जबकि मैक्सवेल भले ही बल्लेबाजी में फ्लॉप रहे हों, लेकिन गेंदबाजी में वो अब भी कप्तान की पसंद बने हुए हैं।

**आमने-सामने**
कुल मैच : 33
पंजाब जीता : 17
बेंगलुरु जीता : 16

#### RCB और पंजाब दोनों के पास संतुलित गेंदबाजी यूनिट

आरसीबी के पास क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा जैसे स्पिन विकल्प हैं, जिनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वहीं पंजाब के पास तेज गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह और मार्को यानसेन हैं, हालांकि अनुभव के लिहाज से वह जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार से पीछे हैं।

**नंबर गेम**

**2** मैच पिछले साल दोनों ने खेले थे जिसमें बेंगलुरु ने पंजाब को पराजित किया था

**3** साल से बेंगलुरु से जीता नहीं है पंजाब। पिछली बार 2022 में शिकस्त दी थी



#### कप्तानी की टक्कर: पाटीदार vs श्रेयस

कप्तानी की बात करें तो रजत पाटीदार पहली बार टीम की अगुवाई कर रहे हैं, जबकि श्रेयस अय्यर ने पहले ही आईपीएल विजेता कप्तान के रूप में अपनी पहचान बनाई है। दोनों स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं और आज के मैच में उनकी भूमिका अहम होगी।

#### फॉर्म में हैं सॉल्ट और कोहली

आरसीबी की ताकत उसकी बल्लेबाजी में है। फिल सॉल्ट और विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं और टीम को एक अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी इन दोनों पर होगी। दूसरी ओर, कोलकाता के खिलाफ मिली जीत से पंजाब का आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ है।

**विश्व कप शूटिंग**


## सुरुचि-सौरभ ने मिश्रित टीम स्पर्धा में सोने पर साधा निशाना

▶▶ स्वर्ण के मुकाबले में चीन की जोड़ी को 17-9 से हराया

▶▶ इस वर्ष सुरुचि ने विश्व कप में कुल चौथा पदक जीता

**एजेंसी । लीमा**

भारतीय निशानेबाजी को एक और बड़ी सफलता मिली है। सुरुचि सिंह और सौरभ चौधरी की जोड़ी ने विश्व कप 2025 की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बुधवार रात हुए फाइनल मुकाबले में इस भारतीय जोड़ी ने चीन की याओ कियानक्सुन और हू काई की मजबूत टीम को 17-9 से हराकर स्वर्ण पर कब्जा जमाया। खास बात यह रही कि मैच में एक समय भारतीय जोड़ी 2-8 से पिछड़ रही थी, लेकिन उन्होंने जबरदस्त वापसी करते हुए जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सुरुचि सिंह के खाते में इस साल का तीसरा स्वर्ण और कुल चौथा पदक दर्ज हुआ। इससे पहले उन्होंने ब्यूनस आयर्स में व्यक्तिगत स्वर्ण जीतने के साथ सौरभ के साथ कांस्य पदक भी जीता था।



#### सौरभ ने भी रचा इतिहास

सौरभ चौधरी के लिए भी यह विश्व कप यादगार रहा। उन्होंने पुरुषों की व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर करीब तीन वर्षों के बाद विश्व कप में व्यक्तिगत पदक हासिल किया।

#### मनु-रविंदर को मिली हार

वहीं, मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक मुकाबले में भारत की एक अन्य जोड़ी मनु भाकर और रविंदर सिंह को चीन के मा कियानके और झांग यिफान की जोड़ी से 16-6 से हार का सामना करना पड़ा।

## रोहित शर्मा बने टी-20 मुंबई लीग के ब्रांड एम्बेसडर

**श्रेयस और सूर्यकुमार के खेलने की भी उम्मीद, IPL के बाद शुरू होगी लीग**



**एजेंसी । मुंबई**

भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा को टी-20 मुंबई लीग का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। मुंबई क्रिकेट संघ (MCA) को उम्मीद है कि रोहित के साथ-साथ श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे, तुषार देशपांडे और पृथ्वी साव जैसे सितारे भी इस लीग का हिस्सा बनेंगे। टी-20 मुंबई लीग 2018 और 2019 में खेली गई थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। अब यह प्रतिष्ठित लीग पुनः शुरू होने जा रही है और IPL 2025 के खत्म होते ही इसका आयोजन हो सकता है। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा, "हमने मुंबई के खिलाड़ियों के लिए इस लीग में भाग लेना अनिवार्य नहीं किया है, लेकिन हमें उम्मीद है कि वे खेलेंगे। इससे न केवल मुंबई क्रिकेट को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय क्रिकेटरों और पूरी लीग को भी फायदा होगा।"

#### 2800 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भेजे आवेदन

लीग को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह है। एमसीए के मुताबिक, अब तक 2800 से अधिक आवेदन मिल चुके हैं। इस लीग को मुंबई क्रिकेट के टैलेंट को मंच देने के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। रोहित अब टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन वह IPL में अब भी सक्रिय हैं। लीग में उनके दूत बनने से न केवल इसे ब्रांड वैल्यू मिलेगी, बल्कि युवा खिलाड़ियों के लिए भी यह प्रेरणादायक होगा।

## गेब्रियल के गोल से चैंपियन रियाल मैड्रिड को चित कर आर्सेनल सेमीफाइनल में



**एजेंसी । मैड्रिड**

गेब्रियल मार्टिनेली के शानदार गोल के की मदद से आर्सेनल की टीम 16 साल बाद चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। उसने बुधवार रात खेले गए क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में गत चैंपियन रियाल मैड्रिड को 2-1 से शिकस्त दे दी।आर्सेनल ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत हासिल की थी। इस तरह से उसने रियाल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। इससे पहले आर्सेनल ने 2009 में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। इस तरह से आर्सेनल ने पहली बार यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता जीतने की संभावना बरकरार रखी। सेमीफाइनल में उसका मुकाबला पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा। दूसरा सेमीफाइनल बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा।

- फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 15 बार के चैंपियन पर 2-1 से जीत दर्ज की
- अब सामना पेरिस सेंट जर्मेन से होगा

## नीरज चोपड़ा ने जीत के साथ सत्र का किया आगाज

**84.52 मीटर भाला फेंककर किया पहला स्थान हासिल**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने अपने सीजन की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में आयोजित पॉट इनविटेशनल ट्रैक स्पर्धा में जीत दर्ज कर ली। वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर प्रतियोगिता के तहत खेले गए इस मुकाबले में नीरज ने 84.52 मीटर की दूरी तय कर पहला स्थान हासिल किया।



#### डौव स्मिट को पीछे छोड़ा

छह खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में नीरज के सबसे करीबी प्रतिद्वंदी रहे दक्षिण अफ्रीका के डौव स्मिट, जिन्होंने 82 .44 मीटर तक भाला फेंका। स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83 .29 मीटर के करीब पहुंच गए, जबकि नीरज अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89 .94 मीटर से थोड़ा पीछे रहे। तीसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के डंकन रॉबर्टसन रहे जिन्होंने 71.22 मीटर तक भाला फेंका।

#### नए कोच के साथ नई शुरुआत

नीरज इस समय चेक गणराज्य के महान भाला फेंक एथलीट जान ज़ेलेजनी की निगरानी में अभ्यास कर रहे हैं। ज़ेलेजनी तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। उनके मार्गदर्शन में नीरज की तकनीक और मजबूती में नया निखार देखने को मिल रहा है।

#### अब दोहा डायमंड लीग पर नजरें

नीरज चोपड़ा की अगली चुनौती 16 मई को दोहा डायमंड लीग होगी, जहां वह सीजन की पहली एलीट प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। यह मुकाबला पेरिस ओलंपिक से पहले उनके फॉर्म को परखने का बेहतरीन मौका होगा।

# बॉ ली वु ड



## सोहा को हिंदू से शादी करने पर सुनने पड़ते है ताने




बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान की बहन और एक्ट्रेस सोहा अली खान एक्टिंग के अलावा सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया के माध्यम से अपने दैनिक जीवन की घटनाओं को शेयर करके प्रशंसकों के साथ संपर्क में रहती हैं। फिल्म 'छोरी-2' के साथ सोहा ने सात साल बाद बॉलीवुड में वापसी की है। सोहा इस समय किसी और वजह से चर्चा में हैं। सोहा ने हाल ही में अंतरधार्मिक विवाह और हिंदू त्योहारों को मनाने के लिए उन्हें ट्रोल किए जाने के बारे में बात की। अंतरधार्मिक विवाह और उसके बाद समाज से मिली प्रतिक्रियाओं के बारे में बात करते हुए सोहा ने कहा, मेरी शादी एक हिंदू परिवार में हुई है। मेरी मां हिंदू हैं। जब उनकी शादी एक मुस्लिम व्यक्ति से हुई, तो लोग हमेशा मेरी मां से पूछते थे कि उनके पति उन्हें काम करने की अनुमति कैसे देते है। इसके बावजूद उन्होंने इस बात को नज़रअंदाज़ करके अपने काम पर ध्यान केंद्रित किया। अब जब मैं दिवाली या होली जैसे त्योहार मनाती हूं और उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हूं, तो मुझे भी कई तरह की कमेंट्स आते है।

## फिल्म 'फुले' की रिलीज टालने पर भड़के अनुराग कश्यप, जताई नाराजगी

महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले के प्रेरणादायक जीवन पर आधारित फिल्म 'फुले' इन दिनों विवादों में घिर गई है। फिल्म में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर सामने आते ही ब्राह्मण समुदाय के कुछ संगठनों ने एक विशेष सीन को लेकर नाराजगी जताई है। विवाद गहराने पर मेकर्स को 'फुले' की रिलीज डेट टालनी पड़ी है। साथ ही, सेंसर बोर्ड ने फिल्म के कुछ दृश्यों पर कैंची भी चला दी है। अब इस पूरे मामले पर बॉलीवुड डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक तीखी पोस्ट शेयर करते हुए सेंसर बोर्ड की कार्रवाई और रचनात्मक आज़ादी में दखल देने पर सवाल उठाए हैं। उनकी पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और सत्ता में बैठे लोगों पर भी उन्होंने परोक्ष रूप से निशाना साधा है।




फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने अपनी पोस्ट में लिखा, फिल्म धड़क-2 की स्क्रीनिंग में सेंसर बोर्ड ने कहा था कि मोदी ने भारत में जाति व्यवस्था खत्म कर दिया है। इस आधार पर संतोष फिल्म भी भारत में रिलीज नहीं हुई थी। अब ब्राह्मण को आपत्ति है फुले से। भैया जब जाति व्यवस्था ही नहीं है तो कहां का ब्राह्मण, कौन हो आप, आपकी क्यों सुलग रही है।



## सनी ने किया 'जाट-2' का ऐलान

फिल्म अभिनेता सनी देओल की हालिया रिलीज़ 'जाट' भले ही धीरे-धीरे सिनेमाघरों से उतर रही हो, लेकिन फिल्म ने 50 करोड़ क्लब में एंट्री लेकर एक अहम मुकाम जरूर हासिल किया है। यह सनी देओल के करियर की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। अब इसी कड़ी में एक और बड़ी खबर सामने आई है। सनी देओल ने 'जाट-2' का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। सनी देओल और निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी ने जब से सोशल मीडिया पर 'जाट-2' की घोषणा की है, तभी से फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। वही पोस्ट में सनी ने अपने अंदाज़ में लिखा, अपने नए मिशन पर निकला जाट। 'जाट-2' के लिए हो जाएं तैयार₹ इस लाइन ने सनी के एक्शन लवर्स का दिल जीत लिया। हालांकि 'जाट' को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन और एक्शन सीक्वेंस ने फिल्म को हिट की कैटेगरी में पहुंचा दिया। अब 'जाट-2' से उम्मीदें और भी ज्यादा बढ़ गई हैं। 'जाट' की बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट 'जाट' की कमाई की बात करें तो, बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, 'जाट' ने रिलीज़ के सातवें दिन लगभग 4 करोड़ रुपए की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अब 57.50 करोड़ रुपए पहुंच गया है। गौरतलब है कि फिल्म का अनुमानित बजट 100 करोड़ रुपए है और 'जाट' ने अपनी आधी लागत की भरपाई पहले ही हफ्ते में कर ली है। आने वाले वीकेंड पर कमाई में इजाफा देखने को मिल सकता है। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे आप हिंदी के साथ मलयालम, तेलुगु, कन्नड़ और तमिल भाषा में देख सकते हैं।

## विवेक अग्निहोत्री की 'द दिल्ली फाइल्स' की रिलीज टली




तीखे और स्पष्ट बयानों के लिए मशहूर फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री अपनी आगामी फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म पहले 15 अगस्त 2025 को रिलीज़ होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज को स्थगित कर दिया गया है। इस बारे में खुद विवेक अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। विवेक अग्निहोत्री ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स' की रिलीज को लेकर नया अपडेट शेयर किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिल्म अब भी अगस्त 2025 में ही रिलीज़ होगी, लेकिन पहले घोषित 15 अगस्त की तारीख को नहीं। इस बदलाव के साथ अब 'द दिल्ली फाइल्स' का सीधा मुकाबला ऋतिक रोशन की 'वॉर 2' और रजनीकांत की 'कुली जैसी बड़ी फिल्मों से नहीं होगा, जो पहले 15 अगस्त को ही रिलीज़ होने जा रही थीं। रिलीज टलने की वजह पर अग्निहोत्री ने कहा, हम शेड्यूल से थोड़ा पीछे चल रहे हैं। फिल्म 15 अगस्त को रिलीज़ नहीं हो पाएगी। मैं कोशिश कर रहा हूं कि ज़्यादा देरी न हो। देखते हैं क्या होता है।₹ उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि फिल्म अधिक इंतज़ार नहीं कराएगी और दर्शकों को जल्द ही इसकी नई रिलीज़ डेट का ऐलान मिल जाएगा। विवेक अग्निहोत्री ने आगे कहा, हमारी फिल्म अच्छी है तो हमे उसे किसी भी तारीख पर रिलीज करें, वो चलेगी।

## 'कोस्टाओ' का ट्रेलर आया सामने

**नवाजुद्दीन बनें गोल्ड स्मगलिंग के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार**

नवाजुद्दीन सिद्दीकी बॉलीवुड के उन चंद अभिनेताओं में से हैं, जो हर किरदार को जी-जान से निभाते हैं। अपने गहन और प्रभावशाली अभिनय से वह हमेशा दर्शकों का दिल जीतते आए हैं। हालांकि बीते कुछ समय में उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाईं, लेकिन उनकी अदाकारी हमेशा चर्चा में बनी रहती है। अब नवाज एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी के लिए तैयार हैं अपनी नई फिल्म 'कोस्टाओ' के साथ। कुछ दिन पहले फिल्म का टीज़र रिलीज़ हुआ था, जिसने पहले ही दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी थी।

फिल्म का ट्रेलर भी सामने आ चुका है, जिसे दर्शकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। 'कोस्टाओ' के ट्रेलर में नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक दमदार और ईमानदार कस्टम अधिकारी कोस्टाओ फर्नांडिस के किरदार में नजर आ रहे हैं, जो अपनी बहादुरी और निडर रवैये से प्रभावित करते हैं। ट्रेलर में कोस्टाओ की कहानी एक ऐसे नायक की है जो सोने की तस्करी के सबसे बड़े रैकेट का पर्दाफाश करना चाहता है।



वक्फ कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश


# सुको ने नियुक्तियां रोकी, केंद्र से 7 दिन में मांगा जवाब

▶▶ एक हफ्ते के लिए बनी रहेगी पुरानी स्थिति

▶▶ 5 मुख्य आपत्तियों पर होगी सुनवाई

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल 2025 को वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने एक हफ्ते के लिए पुरानी स्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है, हालांकि कानून पर रोक नहीं लगाई गई है। केंद्र ने कोर्ट से जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय मांगा था, जिस पर कोर्ट ने अनुमति दी। याचिकाकर्ताओं को केंद्र के बाद अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 5 मई को होगी।




### कानून पर रोक लगाने की सख्ती पर SG मेहता का बयान

एसजी तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान कहा कि अदालत से किसी स्थाई या अंतरिम रोक की अपेक्षा करना बेहद कठिन है। उन्होंने इसे 'कठोर' करार देते हुए कहा कि कुछ सेक्शन पर रोक लगाना सही नहीं होगा। सरकार ने यह कानून बड़े पैमाने पर ग्रामीणों से बातचीत के बाद तैयार किया है और इसका उद्देश्य आम लोगों के हितों की रक्षा करना है।

### कोई नियुक्तियां करेगा तो उसे मान्यता नहीं दी जाएगी

कोर्ट ने एक हफ्ते के लिए वक्फ बोर्ड या काउंसिल में कोई नई नियुक्ति नहीं करने का आदेश दिया। साथ ही, वक्फ घोषित संपत्ति और रजिस्टर्ड संपत्ति को पहले की स्थिति में बनाए रखने का निर्देश भी दिया। कोर्ट ने राज्य सरकारों को भी इसके पालन की बात कही। एसजी मेहता ने विश्वास दिलाया कि राज्य अगर कोई नियुक्ति करेगा, तो उसे मान्यता नहीं दी जाएगी।

### वक्फ बोर्ड में नियुक्तियों पर रोक

कोर्ट ने एक हफ्ते के लिए वक्फ बोर्ड या काउंसिल में कोई नई नियुक्ति नहीं करने का आदेश दिया। साथ ही, वक्फ घोषित संपत्ति और रजिस्टर्ड संपत्ति को पहले की स्थिति में बनाए रखने का निर्देश भी दिया। कोर्ट ने राज्य सरकारों को भी इसके पालन की बात कही। एसजी मेहता ने विश्वास दिलाया कि राज्य अगर कोई नियुक्ति करेगा, तो उसे मान्यता नहीं दी जाएगी।

### याचिकाकर्ताओं को पांच दिन में जवाब दाखिल करने का आदेश

कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को सख्त निर्देश दिए कि वे पांच दिन के अंदर अपना जवाब दाखिल करें। कोर्ट ने याचिकाओं की संख्या को सीमित करने का भी आदेश दिया और कहा कि सिर्फ 5 याचिकाओं पर ही सुनवाई की जाएगी। 100-120 याचिकाओं पर सुनवाई संभव नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 1995 और 2013 के कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को अलग से सुना जाएगा। कोर्ट ने दोनों पक्षों से नोडल वकील तय करने को कहा है और उनके द्वारा जिरह करने वाले वकीलों की लिस्ट सौंपने का निर्देश दिया है। अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले में 5 मई को सुनवाई करेगा।

# 'अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं'

## उपराष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जताई नाराजगी

एजेंसी । नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संविधान के अनुच्छेद 142 में प्रदत्त सुप्रीम कोर्ट की शक्तियों पर सवाल खड़े किए हैं और कहा है कि यह सरकारों के खिलाफ अदालतों के हाथ परमाणु बम लगने जैसा है। गुरुवार को उपराष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के हाल ही में दिए गए फैसले पर सवाल उठाया, जिसमें राज्यों द्वारा भेजे गए विधेयकों पर हस्ताक्षर करने के लिए राष्ट्रपति से समयसीमा तय करने को कहा गया है। उन्होंने अदालतों द्वारा सुपर संसद के रूप में काम करने पर चिंता जताई है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अनुच्छेद 142 लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ एक परमाणु मिसाइल बन गया है, जो न्यायपालिका के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध है। राज्यसभा के प्रशिक्षुओं के एक समूह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, ''हाल ही में एक फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिया गया है। हम कहां जा रहे हैं? देश में क्या हो रहा है? हमें बेहद संवेदनशील होना होगा। यह कोई समीक्षा दायर करने या न करने का सवाल नहीं है।



### राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा: धनखड़

तमिलनाडु राज्य बनाम राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के 8 अप्रैल के फैसले का जिक्र करते हुए धनखड़ ने कहा, तो..हमारे पास ऐसे जज हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यकारी कार्य करेंगे, जो सुपर संसद के रूप में कार्य करेंगे फिर भी उनकी जवाबदेही नहीं होगी क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता।? उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि भारत में राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा है और राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण एवं बचाव की शपथ लेते हैं, जबकि मंत्री, उपराष्ट्रपति, सांसदों और न्यायाधीशों सहित अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं।

### आप राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकते

उन्होंने आगे कहा, "हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते, जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और किस आधार पर? संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। जिन न्यायाधीशों ने राष्ट्रपति को वस्तुत: आदेश जारी किया और एक परिदृश्य प्रस्तुत किया कि यह देश का कानून है, वे संविधान की शक्ति को भूल गए हैं।"

## न्यूज़ ब्रीफ

### कबूतरबाजी मामले में यात्री सहित दो एजेंट गिरफ्तार

नई दिल्ली। आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने कबूतरबाजी के मामले में एक यात्री हरपाल सिंह सहित दो एजेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी एजेंटों की पहचान अमृतसर निवासी नीरज पासी और सन्नी उर्फ जोगिन्द्र के रूप में हुई है। आरोपियों ने हरपाल को वर्ष 2016 में हांगकांग भेजा था। फिर उसके पासपोर्ट पर किसी अन्य शख्स को भारत भेज दिया था। अतिरिक्त आयुक्त ऊषा रंगनानी के अनुसार 7 अप्रैल को हरपाल सिंह को इमरजेंसी सर्टिफिकेट पर हांगकांग से आईजीआई एयरपोर्ट भेजा गया था। दस्तावेजों से पता चला कि 29 फरवरी 2016 को वह आईजीआई एयरपोर्ट से हांगकांग गया था। वहीं उसके पासपोर्ट पर जून 2016 में वापसी की जानकारी थी। इसके बाद पासपोर्ट पर उसके बाहर जाने की जानकारी नहीं दर्ज थी, लेकिन वह 7 अप्रैल को इमरजेंसी सर्टिफिकेट पर लौट आया। इस गड़बड़ी के चलते उसके खिलाफ एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

### मेहुल चोकसी को वापस लाने की कोशिश जारी: विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को कहा कि वह भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम के साथ मिलकर काम कर रहा है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। चोकसी को भारत सरकार के औपचारिक अनुरोध पर शनिवार को बेल्जियम के एंटवर्प में गिरफ्तार किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने कहा, हमारे प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। हम उसके प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि वह देश में मुकदमे का सामना कर सके।

### दाऊदी बोहरा समुदाय ने पीएम मोदी से की मुलाकात

नई दिल्ली। दाऊदी बोहरा समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। समुदाय के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे अब पूरा किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के विजन पर भी विश्वास जताया और कहा कि वे इस सोच के साथ खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं।

## भारत ने पाकिस्तान को कश्मीर से कब्जा छोड़ने के लिए कहा

▶▶ जनरल मुनीर ने कश्मीर को इस्लामाबाद की 'गले की नस' बताया




एजेंसी । नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की विवादित टिप्पणियों को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि कश्मीर इस्लामाबाद की 'गले की नस' है। भारत के विदेश मंत्रालय (MEA) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेशी चीज किसी की 'गले की नस' कैसे हो सकती है? इसका मतलब है, किसी बाहरी शक्ति का भारत के आंतरिक मामलों में कोई अधिकार नहीं है। जम्मू-कश्मीर भारत का केंद्र शासित प्रदेश है। पाकिस्तान से कश्मीर से एकमात्र रिश्ता यही है कि वह भारत के अवैध रूप से कब्जे वाले क्षेत्र को खाली करे। विदेश मंत्रालय ने कहा, पाकिस्तान का कश्मीर से एकमात्र संबंध अवैध रूप से कब्जा किए गए क्षेत्र को खाली करना है।

### पाकिस्तानी सेना प्रमुख को करारा जवाब

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की हालिया टिप्पणियों पर गुरुवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि भारत सच्चाई को स्वीकार करे और पाकिस्तान से घनिष्ठ संबंध बनाने की उम्मीद छोड़ दे। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'अपने हालिया संबोधन में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने साफ कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच गहरी वैचारिक खाई है।' मुनीर का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने यह स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत और पाकिस्तान मूल रूप से अलग देश हैं, क्योंकि दोनों देशों के धर्म, रीति-रिवाज, परंपराएं, सोच और महत्वाकांक्षाएं हर पहलू में एक-दूसरे से अलग हैं।'

## भाजपा ने रॉबर्ट वाड्रा को बताया 'भू-माफिया'



एजेंसी । नई दिल्ली

गुरुवार को ईडी ने लगातार तीसरे दिन रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ की। इस दौरान भाजपा ने रॉबर्ट वाड्रा और गांधी परिवार पर तीखा हमला करते हुए वाड्रा को भू-माफिया और गांधी परिवार को जन्मजात भ्रष्ट बताया। भाजपा नेता गौरव भाटिया ने वाड्रा पर आरोप लगाया कि उन्होंने किसानों की जमीन हड़पी और कहा कि यह परिवार लगातार भारत और किसानों की जमीनों को लूटने का काम कर रहा है।

### भाटिया का बयान: 'वाड्रा जनता की नजरों में भू-माफिया'

गौरव भाटिया ने मीडिया से बात करते हुए कहा, क्या इस परिवार ने कसम खाई है कि ये जहां भी जाएंगे, वहां भारत को और किसानों की जमीनों को लूटेंगे? उन्होंने आगे कहा कि ?कांग्रेस की नजरों में रॉबर्ट वाड्रा एक बड़े जननेता हैं, लेकिन जनता की नजरों में वे एक भू-माफिया और भ्रष्ट इंसान हैं।



### वाड्रा का जवाब: 'ईडी की कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध'


वाड्रा ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताया और आरोप लगाया कि सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के खिलाफ आवाज उठाने के कारण उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। वाड्रा ने कहा कि जब उन्होंने अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई, तब से उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई शुरू हो गई।

### गांधी परिवार पर भाजपा का आरोप

भाटिया ने राहुल गांधी, सोनिया गांधी और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर भी आरोप लगाए। उन्होंने राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में शामिल बताया और सोनिया गांधी को वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले से जुड़ा बताया। वहीं, राजीव गांधी पर बोफोर्स घोटाले में शामिल होने का आरोप भी लगाया।

## पृथ्वी से ढाई गुना बड़े ग्रह पर जीवन के संकेत

एजेंसी । वॉशिंगटन



जेम्सवेब स्पेस टेलीस्कोप ने पृथ्वी से ढाई गुना बड़े ग्रह के2-18बी के वायुमंडल में ऐसे संकेत पाए हैं, जो जीवन के अस्तित्व की ओर इशारा कर रहे हैं। यह ग्रह एक लाल तारे की परिक्रमा करता है और पृथ्वी से लगभग 124 प्रकाश-वर्ष दूर स्थित है। द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। अध्ययन का नेतृत्व कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के खगोलशास्त्री डॉ. निक्कू माधुसूधन ने किया है। उन्होंने पाया कि इस ग्रह की वायुमंडलीय संरचना में डायमेथिल सल्फाइड और डायमेथिल डाइसाल्फाइड जैसी गैसें मौजूद हैं, जो पृथ्वी पर समुद्री शैवाल जैसे सूक्ष्मजीवों के द्वारा उत्पन्न होती है। इन गैसों का उच्च स्तर जीवन के संभावित संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

### महासागर होने की संभावना

के2-18बी एक ऐसा ग्रह हो सकता है, जहां महासागर और हाइड्रोजन-युक्त वायुमंडल हो सकता है। यह सूक्ष्मजीवों के लिए उपयुक्त हो सकता है। यह ग्रह अपनी रहने योग्य जोन में स्थित है, यानी ऐसे क्षेत्र में जहां तरल पानी मौजूद हो सकता है, जो जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर इस ग्रह पर जीवन है, तो यह सूक्ष्मजीवों के रूप में हो सकता है।

## आप नेता दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई का छापा

▶▶ विदेशी फंडिंग मामले में FCRA के तहत कार्रवाई




एजेंसी । नई दिल्ली

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (AAP) के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक के दिल्ली स्थित आवास पर गुरुवार सुबह CBI ने छापेमारी की। यह कार्रवाई विदेशी फंडिंग से जुड़े मामले में की गई है। CBI ने AAP के खिलाफ फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट (FCRA) के तहत मामला दर्ज किया है।

### सीबीआई की एफआईआर में क्या है?

- सीबीआई के अनुसार विदेशों में रहने वाले 155 लोगों ने 55 पासपोर्ट नंबरों के जरिए 404 बार में 1.02 करोड़ का डोनेशन किया। कुछ डोनर्स ने एक ही पासपोर्ट नंबर का कई बार इस्तेमाल किया, जिससे फर्जीवाड़े का संदेह जताया गया है। AAP ने CBI के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। पार्टी का दावा है: 201 विदेशी नागरिकों ने 51 ईमेल आईडी से 639 ट्रांजैक्शन में 2.65 करोड़ का दान दिया।

## बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में थोड़ी रियायत

- दिसंबर तक पढ़ा सकते हैं टीचर
- हाईकोर्ट बोला था- 26000 नियुक्तियां अवैध

एजेंसी । कोलकाता




पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले को लेकर अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कुछ रियायत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि छात्रों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के जिन शिक्षकों की नियुक्ति इस महीने की शुरूआत में भर्ती में अनियमितताओं के कारण रद कर दी गई थी, वे नई चयन प्रक्रिया पूरी होने तक पढ़ाना जारी रख सकते हैं। अकादमिक सत्र जारी रहने के आधार पर 9वीं से 12वीं तक के शिक्षकों को कुछ समय बनाए रखने की छूट दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन के लिए समय सीमा तय कर दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा कि एसएससी को 31 मई तक नई भर्ती प्रक्रिया के लिए विज्ञापन जारी करना होगा।


### क्या है कोर्ट का फैसला?

सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा, 'हम आवेदन में की गई प्रार्थना को स्वीकार करने के लिए इच्छुक हैं, जहां तक यह कक्षा 9 और 10 तथा कक्षा 11 और 12 के सहायक अध्यापकों से संबंधित है। कोर्ट ने कहा-हम ग्रुप सी और डी कर्मचारियों की प्रार्थनाओं को स्वीकार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि उम्मीदवारों की संख्या अधिक है। सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों के एक वर्ग को राहत ऐसे समय दी है जब कई सरकारी स्कूलों में परेशानी है, जहां सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कई शिक्षकों की नौकरी चली गई। राज्य सरकार को कड़ी शर्तों के तहत 31 मई 2025 तक नई भर्ती की प्रक्रिया शुरू करनी होगी और 31 दिसंबर 2025 तक यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

# राज्यपाल हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद का दौरा नहीं करें : मुख्यमंत्री ममता

▶▶ राज्यपाल बोस ने मुख्यमंत्री के अनुरोध को खारिज किया

▶▶ कहा, पीड़ितों का हाल जानने के निरीक्षण करना जरूरी



एजेंसी । कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस से हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले का दौरा स्थगित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और विश्वास बहाली के उपाय किए जा रहे हैं। बनर्जी की यह टिप्पणी उन खबरों की पृष्ठभूमि में आई है, जिनमें कहा गया था कि राज्यपाल बोस सांप्रदायिक हिंसा के बाद जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए शुक्रवार को मुर्शिदाबाद जिले का दौरा करेंगे। राजभवन के एक अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल गुरुवार रात को मुर्शिदाबाद में दो दिवसीय के लिए रवाना होंगे। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, गैर-स्थानीय लोगों से अनुरोध करूंगी कि वे अभी मुर्शिदाबाद का दौरा न करें। क्योंकि वहां विश्वास बहाली के उपाय किए जा रहे हैं और स्थिति सामान्य हो रही है।

### जमीनी हालात का निरीक्षण कर दूंगा रिपोर्ट : बोस

इस दौरान पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अनुरोध को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि वे कुछ इलाकों का दौरा करेंगे और लोगों से मुलाकात कर स्वयं जमीनी हालात का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा, मुर्शिदाबाद के पीड़ितों से मिलने के बाद स्थिति तय होगी। अगर वहां शांति बहाल होती है तो सबसे ज्यादा खुशी मुझे होगी। उनके अनुसार, एक बार जब एहसास हो जाएगा कि वहां हालात कैसे हैं तो उसके आधार पर अपनी रिपोर्ट दूंगा। इस दौरान उन्होंने संकेत दिया कि वह केंद्र को स्थिति के बारे में अपडेट देते हुए रिपोर्ट सौंपेंगे। बोस ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने अनुरोध किया कि वहां बीएसएफ कैंप स्थापित किया जाए। लिहाजा, यह ऐसा कुछ है जिसकी उच्चतम स्तर पर सभी पहलुओं पर जांच की जानी चाहिए।

### सीमा सुरक्षा नियमों पर की आलोचना

इससे पहले, मुख्यमंत्री ममता ने सीमा सुरक्षा नियमों में बदलाव को लेकर केंद्र की आलोचना की। उन्होंने कहा, मौजूदा गृहमंत्री अमित शाह एक नया कानून लेकर आए हैं, जिसमें बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर सीमा कर दिया गया है। इसलिए, बीएसएफ की जवाबदेही होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि गृह मंत्रालय सीमा पार से पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने वाले लोगों की जानकारी राज्य सरकार के साथ साझा नहीं कर रहा है। उन्होंने दावा किया, पहले हमें ऐसी जानकारी मिलती थी, लेकिन अब इसे हमारे साथ साझा नहीं किया जा रहा है।

## महादेव ऐप से सट्टा लगाने के आरोप में 14 लोग गिरफ्तार

- आठ आरोपी कोलकाता से और छह गुवाहाटी से दबोच गए
- उप्र, बिहार समेत छह राज्यों के रहने वाले हैं आरोपी




एजेंसी । रायपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस ने महादेव बेटिंग ऐप के जरिये आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाने के आरोप में 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई पहले से ही महादेव ऐप सट्टा घोटाले की जांच कर रही है। रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए 14 लोगों में से छह छत्तीसगढ़, तीन झारखंड, दो मध्य प्रदेश और एक-एक पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार से हैं। उन्होंने बताया कि उनमें से आठ को कोलकाता और छह को गुवाहाटी से गिरफ्तार किया गया।

### 30 लाख के सट्टे के लेनदेन के रिकॉर्ड जब्त

पुलिस ने आरोपियों के पास से 67 मोबाइल फोन, आठ लैपटॉप, चार राउटर, 94 एटीएम कार्ड, 15 सिम कार्ड, 32 बैंक पासबुक, तीन बैंक चेक बुक, एक सुरक्षा कैमरा और 30 लाख रुपये के सट्टे के लेन-देन के रिकॉर्ड जब्त किए हैं। पूछताछ में पता चला कि आरोपी एल 95 लोटस, लोटस 651 और लोटस 656 नामक महादेव सट्टेबाजी ऐप के पैनल के जरिए सट्टा कर रहे थे।